पाक्षिक

SINCE 1998

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-04-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara


वर्ष-27 अंक-20 भीलवाड़ा/ 7 अप्रैल 2025 कुल पृष्ठ- 18 मूल्य : 25 रुपए 1























## 2024-25 में गारमेंट उद्योग का राजस्व 12 से 14% बढ़ने की संभावना -इक्रा

### वर्ष 2025-26 में भी गारमेण्ट निर्यात में वृद्धि का प्रभाव

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

गारमेण्ट उद्योग के लिए अच्छी खबर है कि गारमेण्ट निर्यात में भारी सुधार के कारण हाल ही समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इसके राजस्व में 12-14 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। मार्च में जारी रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट का कहना है कि चालू वर्ष में वृद्धि की दर बनी रहेगी, लेकिन यह घटकर 9-11 प्रतिशत रह सकती है। रिपोर्ट का कहना है कि राजस्व और निर्यात में वृद्धि के बावजूद बढ़ती श्रम लागत, मुद्रा स्फिति और अन्य कारणों से इस उद्योग के मार्जिन में कमी की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार आयातक देशों में रिटेल स्तर पर स्टॉक घटने तथा चीन प्लस वन की रणनीति के कारण वर्ष 2024-25 के पहले 10 माह यानि अप्रैल-जनवरी के दौरान देश से गारमेण्ट निर्यात में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान निर्यात 10 प्रतिशत गिरकर 14.5 बिलियन डॉलर रह गया था।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के दौरान देश से गारमेण्ट निर्यात में 10 प्रतिशत की भारी गिरावट आई थी, जबकि रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इसमें वृद्धि का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 10 महीनों के दौरान देश से अमेरिका और ब्रिटेन सहित यूरोपीय समुदाय को निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट का कहना है कि देश गारमेण्ट के कुल निर्यात में से 34 प्रतिशत का निर्यात अमेरिका और 31 प्रतिशत ब्रिटेन सहित यूरोपीय समुदाय को किया जाता है। इक्रा का कहना है कि आयातकों की चीन प्लस वन की रणनीति और बांग्लादेश में राजनैतिक तनाव के कारण अमेरिका और ब्रिटेन सहित यूरोपीय समुदाय को गारमेण्ट के निर्यात में वृद्धि बनी हुई है। इसके अतिरिक्त डॉलर की तुलना में भारतीय रूपए के मूल्य में आई गिरावट के कारण भी देश से गारमेण्ट निर्यात में बढ़ोतरी हुई है। प्रायः इसका पूरा लाभ अन्य देशों को नहीं मिल पाएगा, क्योंकि विकसित देशों द्वारा बांग्लादेश सहित कम विकसित देशों को लाभ दिया जा रहा है।

### क्षमता का विस्तार

इक्रा का कहना है कि सरकार द्वारा गारमेण्ट उद्योग को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने लिए बनाई पीएम मित्रा जैसी योजनाओं के कारण इस उद्योग की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। सरकार ने तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र आदि राज्यों में इस प्रकार के 7 पार्क बनाने की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी इस उद्योग को मिल रहा है।



**शेष पृष्ठ 8 पर**

































## वैवाहिक सीजन व नवरात्रा से मार्केट में हलचल शुरू

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

बाजार में इस समय रमजान का पर्व होने के कारण इमरान क्लॉथ सेंटर पर पेंट-शर्ट एवं कुर्ता-पायजामा की ग्राहकी अच्छी चल रही है। Broad-way Tailor's शाही आलम जी के यहाँ पेंट-शर्ट एवं कुर्ता-पायजामा की सिलाई 1000 से 1200 रू. तक ली जा रही है तथा ग्राहकी ईद होने के कारण अच्छी चल रही है। विशाल क्लॉथ सेंटर मिश्रा जी के यहाँ सूटिंग-शर्टिंग की रिटेल बुकिंग मुम्बई, भीलवाड़ा आदि जगहों से करवा रहे हैं। यदुवंशी वस्त्रालय, श्री पिंटू भाई के यहाँ साड़ियों में एक से एक अच्छी डिजाइन मंगवाकर रिटेल व्यापारियों को दे रहे हैं, जिसकी बुकिंग इस समय अच्छी चल रही है और मिलों में पेमेंट बराबर जा रहा है। आगे नवरात्रा के बाद शादी समारोह होने पर बाजार में ग्राहकी सभी जगह अच्छी चलने की उम्मीद है। सतपाल राजकुमार, रेवाड़ी के यहाँ सूटिंग-शर्टिंग व साड़ियां अच्छी बिक रही है तथा आगे फसल आने पर पेमेंट मिलों में जाना शुरू हो जाएगा। इस समय हरियाणा मण्डी में फसल की कटाई होने पर मार्केट कमजोर है, लेकिन नवरात्रा के बाद ही ग्राहकी अच्छी चलने की उम्मीद है।




## चैत्र मास के लग्न-सावा में अच्छी बिक्री की उम्मीद

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**

पश्चिमी उत्तरप्रदेश की मुज्जफरनगर सहित अन्य सभी प्रमुख कपड़ा मार्केट्स में ईद की बिक्री केवल मजबूत काउंटर्स पर ही अच्छी रही बाकी मध्यम वर्ग का व्यापारी ग्राहक के इंतजार में रहा। कारण! बाजार में स्टॉल बहुत है तथा ग्राहकों की पसंद भी बढ़ गई है। घूमकर लेने वाले ग्राहकों को जल्दी तसल्ली नहीं होती और वे कई दुकानों पर घूमकर कपड़ा लेता है। इस चक्कर में कम वैरायटी वाला दुकानदार कम बिक्री से परेशान रहता है तथा मजबूत काउंटर वाले दुकानदार को इसका फायदा होता है। प्रत्येक शहर में अमूमन छोटे काउंटर्स की संख्या ज्यादा होती है तथा बड़े और प्रसिद्ध काउंटर चुनिंदा होते हैं। अब ईद के बाद दुकानदारों को अप्रैल माह के वैवाहिक मुहूर्त की बिक्री से आशा बंधी हुई है। वैवाहिक सीजन में अच्छी खासी बिक्री चलने की प्रबल संभावना है, क्योंकि आजकल कपड़ा विवाह एवं त्योहार में ही ज्यादा बिकता है, बाकी छुटपुट चलती रहती है। मुजफ्फरनगर के सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठित व्यापारी सर्वश्री अशोक छाबड़ा, विनोद डाबर, नीरज डाबर, संजीव गोयल, राकेश कंसल, सुशील छाबड़ा, अमित सिंघल, राजीव सिंघल, सुदर्शन खरबंदा, गुलाटी जी, इंदर सुनेजा, राधेश्याम तायल, पवन बत्रा, घनश्याम पालीवाल, लक्ष्मण रस्तोगी, के पी त्यागी, वैभव खन्ना आदि के अनुसार अप्रैल में जबरदस्त काम चलने की उम्मीद है।




## वैवाहिक सीजन से मार्केट में ग्राहकी शुरू

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी शुरू हो चुकी है। आगे आखातीज (बैशाख शुक्ल तृतीया) पर शादी-विवाह का सीजन है। साड़िया, फैंसी बेस, ब्लाउज पीस, टेरी रूबिया, पोपलीन, प्रिंटेड ड्रेस मटीरियल, ओरना, कॉटन, सेमी जापान, प्योर जापान, प्रिंटेड व प्लेन, रेडीमेड ब्लाउज पीस, सलवार सूट, शर्टिंग-सूटिंग, रेमण्ड, सियाराम, ओसीएम, मितर्वा, नीता, नीतालीन, शांतिनाथ एवं कमला का माल रेग्युलर आ रहा है। पाली, बालोतरा, सूरत, अहमदाबाद, जोधपुर, मुम्बई, भिवंडी एवं मेरठ का माल आ रहा है। पेमेंट की आवक ठीक है।





## फैंसी साड़ी, मातारानी चुनरी और पोशाक की डिमाण्ड

**सतना/ बलराम शुक्ला**

इस समय बाजार सुस्त है, लेकिन नवरात्रा त्योहार के कारण कुछ आइटम ऐसे है, जिसमें बहुत अच्छी बिक्री है। बात करें तो सूरत और मथुरा से झंडे-झंडी का व्यापार खूब फल-फूल रहा है। सतना के कुछ थोक विक्रेता ऐसे है, जो लाखों जय मातादी, जय श्रीराम, जय महाकाल के झंडे अपनी स्टॉल में स्टॉक रखकर व्यापार करते हैं। मातारानी को चढ़ाने वाली चुनरी पाँच से पाँच सौ रूपये तक की बेचते है, जो रामनवमी तक बिकती है। सतना के आसपास दो सबसे प्राचीन तीर्थ है, जो त्रेतायुग से चित्रकूट भगवान श्रीराम की तपोस्थली जहाँ भगवान श्रीराम ने साढे ग्यारह साल वनवास के व्यतीत किए थे। उस स्थान पर दो प्रमुख जगह है -एक कामतानाथ जी और दूसरा हनुमान धारा, तीसरा सती अनुसुइया जी का आश्रम जहाँ प्रतिदिन लाखों की संख्या में तीर्थ यात्री नारियल और चुनरी भेंट करते हैं। चित्रकूट का आधा क्षेत्र सतना जिले और आधा कर्वी (चित्रकूट धाम) उत्तरप्रदेश में है। सतना जिले का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मेहर, जहाँ माता शारदा त्रिकूट पर्वत पर विराजमान है। हालांकि अभी मध्य प्रदेश शासन ने मेहर को अलग जिला बना दिया है, लेकिन मुख्यालय अभी सतना ही है। वहाँ पर लाल रूमाल और चुनरी मातारानी को चढ़ाने की परम्परा है। इससे आप अंदाज लगा सकते हैं कि दोनों नवरात्रा में इतना व्यापार कर लेते हैं, जिससे उनका आराम से व्यापार चलता रहता है।




















# ईद की ग्राहकी से बाजार गुलजार

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

आलोच्य पखवाड़े में होली की ग्राहकी से स्थानीय वस्त्र बाजार में चहल- पहल थी और अब ईद की ग्राहकी से बाजार गुलजार हुए। पिछले कुछ दिनों से वस्त्र बाजार में ईद के मद्देनजर सलवार सूट, ड्रेस मटीरियल और सूटिंग-शर्टिंग के प्रतिष्ठानों पर अच्छी बिक्री देखने को मिल रही है। जेंट्स लोग ज्यादातर सफेद कॉटन कपड़े की मांग कर रहे है, वहीं महिलाएं जरी-बूटी और चमकदार कढाई वाले सूट की डिमाण्ड करते देखी गयी। गर्मी के साथ ही कॉटन वस्त्रों की मांग एकदम बढ़ने से वस्त्र व्यापारियों ने अपने स्टॉक की जाँच कर जरूरत के हिसाब से और माल मंगवाने की प्रक्रिया भी तेज कर दी है। शुरुआती दिनों की गर्मी को देखते हुए कॉटन वस्त्रों की मांग बढ़ने की उम्मीद लगायी जा रही है। साथ ही अप्रैल माह में विवाह मुहूर्त भी होने से वैवाहिक वस्त्रों का स्टॉक भी स्थानीय व्यापारी ऑर्डर कर रहे हैं।












LINEA LUSSO ITALY By TESSITURA MONTI

TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Mill:
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in

www.monti.co.in

Tessitura Monti India Pvt. Ltd. BORN IN ITALY 1911

Auth. Distributors : Maharashtra, Gujarat, West Bengal & Uttar Pradesh - M/s Tushar Textiles , Mumbai; Karnataka, Goa, AP & Telangana - M/s Padam Fabrics , Bengaluru; Kerala, Karnataka & Goa - M/s Vogue Vastra, Bengaluru; AP & Telangana - M/s Payal Saree Centre, Hyderabad; Tamil Nadu - M/s Sri Prem Syndicate, Chennai; Rajasthan & Haryana - M/s Vinayaka Trading Co , Jaipur; Delhi NCR, Punjab, J & K - M/s SKSN Fabrics, Delhi; Bihar - M/s RC Fabtex , Patna




For Agent/Dealer enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747 | Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com
AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS | Follow us on /@bairdcottonofficial | /@bairdcotton_official | www.bairdcotton.com

**Burgoyne** & **BAIRD Cotton** are registered trademarks of **WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.**

HOUSE OF BURGOYNE IRELAND ESTD. 1912

# सीईटीपी के निर्देश से औद्योगिक क्षेत्र में पुनः हलचल शुरू

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

लंबे अवकाश के पश्चात जल प्रदूषण निवारक एवं नियंत्रक संयंत्र ने जल शोधन का कार्य प्रारंभ कर दिया है, इससे औद्योगिक क्षेत्र में पुनः गति का आभास होने लगा है। अब तक सड़कों पर व्याप्त विरानी के स्थान पर चहल-पहल परिलक्षित होने लगी है। श्रमिकों के लौटने से कारखानों में औद्योगिक प्रक्रियाएं प्रारंभ होने लगी है। जिन कारखानों श्रमिक आए उसी अनुरूप उत्पादन होने लगा है। वैसे चंद दिनों में श्रमिक काम पर आ जाएंगें।सीईटीपी के निर्देशानुसार फैक्ट्री मालिक अपने यहाँ स्थापित क्षमता का मात्र 50 प्रशित ही ले सकते हैं, इससे उत्पादन आंशिक ही आ पायेगा। जिन उद्यमियों के स्टॉक में तैयार माल है, वे निश्चित रूप से माल चालान कर रहे हैं। मानाकि लेवाली रेडी माल की है फिर भी सप्ताह भर में चालान की गति बढ़ जाएगी। इस वर्ष गर्मी की अधिकता की संभावना व्यक्त की जा रही है और इससे कॉटन क्लॉथ की मांग में बढ़ोतरी अवश्यंभावी है।

स्थानीय उत्पादक पोपलीन, नाइटी क्लॉथ, अस्तर, रूबिया, पौकेटिंग क्लॉथ, साड़ीफॉल, अंडर स्कर्ट (पेटीकोट) का क्रेज देशभर में व्याप्त होने से ग्राहकी का फ्लो निरंतर चल रहा है। नामचीन उत्पादकों के पास नियमित ऑफर रहना उनकी कार्यशैली व माल की गुणवत्ता की परिचायक है। वास्तविक रूप में अध्ययन किया जाए, तो पाएंगे कि व्यावसायिक नेटवर्क अब बड़े प्रतिष्ठानों के अधीन है और छोटे प्रतिष्ठानों को इन्होंने विकल्प खोजने हेतु मजबूर कर दिया है। पेटीकोट उद्योग बराबर बढ़ने से आम उत्पादक राहत अनुभव कर रहा है। पोपलीन में जिस प्रकार विभिन्न किस्मों का बोलबाला है, उसी प्रकार पेटीकोट भी कई प्रकार का बनने लगा है। आकर्षक पैकिंग के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। आज का उपभोक्ता केवल मात्र माल की क्वालिटी ही नहीं चाहता, बल्कि प्रभावित पैकिंग की दरकार भी रखता है। इस क्षेत्र में गारमेण्ट उद्योग के बढ़ने की संभावना को पंख लग गए हैं। कई उत्पादकों ने इस संदर्भ में काफी प्रगति की है। सरकार ने जब भी सुध ली है, तो इस क्षेत्र का गारमेण्ट उद्योग एक नई खुशहाली की सौगात के साथ उभरेगा। बालोतरा जिला बन गया है और इससे कई उपयोगी कार्य होने से संबल मिलेगा। औद्योगिक संस्थानों और प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों ने पूरजोर दिया, तो जल प्रदूषण के प्रभावी समाधान को स्थान मिलेगा और उत्पादन पूर्ण क्षमता के साथ विस्तार पाएगा।




## गुड़ी पड़वा के चलते इचलकरंजी में माहौल शांत

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

गुड़ी पड़वा के चलते बाजार पेठ में करोड़ों रूपए का कामकाज हुआ, लेकिन वस्त्रोद्योग में हलचल नहीं है। गुड़ी पड़वा के चलते इलेक्ट्रॉनिक, मोटर, घर, फ्लेट बुकिंग, प्लॉट बुकिंग से लेकर मोबाइल की खरीददारी की गई। इसके लिए बाजार में लोगों की भीड़ थी, जिसमें लगभग 300 करोड़ का कामकाज होने की बात कोल्हापुर चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री संजय शेटे ने बताया कि वस्त्रोद्योग में सभी ओर शांत माहौल है। इसके बारे मे जाग्रति पावरलूम संघटन के अध्यक्ष श्री विनय महाजन ने कहा कि आप त्योहार पर खरीददारी कर लो, ऐसा कुछ माहौल अभी नहीं है, जब चाहे तब लोग खरीददारी कर लेते है। साथ ही शादी के लिए जरूरी कपड़े लड़का-लड़की और उसके कुछ चुनिंदा मेहमानों के द्वारा खरीददारी होती है। एक बात महत्त्वपूर्ण है कि गुड़ी पड़वा के चलते वस्त्रोद्योग में वैसे तो कुछ हलचल नहीं है, लेकिन दिवाली के बाद कपड़ों की मांग आती है और वहाँ से वस्त्रोद्योग क्षेत्र में हलचल शुरू होती है। ऐसे में बाजार पेठ में करोड़ो रूपए का कारोबार हुआ, लेकिन वस्त्रनगरी इचलकरंजी में इन दिनों शांत माहौल रहा है।






# काफी समय से मंदी की मार झेल रहा भीलवाड़ा कपड़ा उद्योग

# अब संघर्ष के दौर से उबरने की राह में

भीलवाड़ा/ कमलेश व्यास

स्थानीय कपड़ा उद्योग यो तो मेवाड़ टेक्सटाइल मिल (MTM) से प्रारंभिक तौर पर सफर की शुरूआत हुई थी। इसके बाद MCM - LNJ, मोर्डन वूलन, संगम इण्डिया, कंचन इण्डिया क्रमशः अन्य और घर इस सेक्टर में उभरने लगे, लेकिन मुम्बई बमकाण्ड वर्ष 1993 के बाद सूटिंग इंडस्ट्री मुम्बई से भीलवाड़ा में शिफ्ट होने लगी और देखते-देखते सूटिंग उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया।

स्थानीय वस्त्र उद्योग में कई डवलपमेण्ट हुए, जिसमें हाई स्पीड लूम्स एवं उन्नत प्रोसेस तकनीक इत्यादि में काफी नवीन तकनीक का समावेश हुआ, जिसके फलस्वरूप कई बड़े-बड़े ब्राण्ड भी यहीं पर ऑर्डर देने लगे तथा कई बड़ी कम्पनियों के ऑफिस (वेयर हाउस) भी खुल चुके हैं और कपड़ा उत्पादन लगभग 9 करोड़ मीटर तक जा पहुँचा, जिसमें डेनिम फैब्रिक भी शामिल है। वर्तमान कपड़ा उत्पादन की पिछले 2 वर्ष की स्थिति बड़े कठिन समय से गुजर रहीं है। जिसमें अप्रैल 2023 से बाजार नीचे जाने लगा, जो अभी तक कोविड़ पूर्व की स्थिति में नहीं आ पाया, जिसकी टेक्सटाइल वर्ल्ड द्वारा देश के कई कपड़ा उत्पादकों, होलसेलर्स, रिटेलर्स एवं एजेंट से समीक्षा की गई तो कई बातें सामने आई, जिसमें अब बाजार का स्वरूप काफी परिवर्तित हुआ है।

पिछले कई वर्षों से काउंटर पर कपड़ा जो कट रहा था, उसमें बड़ी मात्रा में गिरावट आयी, क्योंकि गारमेण्ट सेक्टर ने द्रुत गति से अपना विस्तार किया, फिर भी भीलवाड़ा के उद्यमियों ने इस क्षेत्र में भी माल आपूर्ति करना शुरू कर दिया था, जो आज कुल उत्पादन में से एक भाग सप्लाई हो रहा है। कुछ तथ्य हमारे पास आए, जिसमें स्थानीय इंडस्ट्री में कंचन इंडिया ग्रुप कुल उत्पादन का लगभग डेढ़ करोड़ मीटर भागीदारी रखता है।

बाकी मण्डी में कई घर तो अपने ब्राण्ड को पहचान दिलाने में कामयाब रहे हैं। जैसे- मुरारका, एसआरएस, गुडविल, सुगम फैब के साथ और भी कुछ घर ब्राण्ड को पहचान दिलाने में कामयाब रहे हैं, लेकिन अधिकतर घर ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग में पिछड़े जिससे डिस्पेच घटी है। निः संदेह पिछले दो वर्ष से बाजार काफी सुस्त रहा है, लेकिन जिन घरों ने सुदृढ़ मार्केटिंग एवं बाजार में नये क्रिएशन के साथ अपना माल एक लेवल पर बेच ही रहे हैं यानि इन्होंने समय के साथ सक्रिय रहते हुए कार्य किया है।

## कपड़ा उद्योग और बाजार में हो रहे परिवर्तन के तथ्य

- सीजन का कपड़ा अब पूर्व की तरह नहीं बिक रहा है। जैसे कि लग्न, दुर्गा, दिवाली, पोंगल, ईद, ओणम इत्यादि में बल्क सेल होती थी।
- काउंटर कपड़ा काफी उतार पर।
- उपभोक्ता का हल्के मालों से मोहभंग से अब बाजार में ब्राण्डेड कपड़ा या क्वालिटी फैब्रिक ही बिक रही है।
- ओवर प्रॉडक्शन भी मण्डी के लिए काफी घातक।
- चाइना से आने वाली फैब्रिक से प्रतिस्पर्धा।
- निर्यात बाजार में आज भी भागीदारी बेहतर नहीं है।
- मिक्स एंड मैच पेकिंग में हल्के कपड़ों को अब उपभोक्ता समझ चुका है।
- डिजाइनिंग सेक्टर में आज भी हम पिछड़े हुए।
- एक समय में भीलवाड़ा के कई ब्राण्ड कॉन्फ्रेंस मार्केटिंग से कपड़ा सेल करते थे, जो पिछले कई वर्षों से नहीं कर पा रहे हैं, जबकि मिले प्रतिवर्ष सीजन की बुकिंग सेल्स कॉन्फ्रेंस डिस्प्ले माध्यम से फैब्रिक बुकिंग कर सेल कर रही है।
- कुछ वर्षों से कपड़ा उद्योग सेंट्रलाइज हो रहा है।
- सूटिंग में आज भी भीलवाड़ा ही केंद्र है, जिसमें मिलों का कपड़ा यहीं पर अधिकतर बन रहा है।
- कई उद्यमी जिनकी अपनी सेल कम होने पर जॉब पर ही उतर आए।
- लगन की डिमाण्ड में एथनिक वियर ट्रेण्ड बढ़ा।
- यूनिफॉर्म फैब्रिक में नीटिंग का प्रवेश।

### डी के एजेंसी

ऑनर श्री उन्नत चौधरी ने टेक्सटाइल वर्ल्ड को बताया कि टेक्सटाइल इंडस्ट्री में बदलाव के अंतर्गत बाजार केंद्रीकृत हो रहा है। इंडस्ट्री बड़े घरों में शिफ्ट हो रही है। हालांकि इन्होंने बताया कि सूटिंग का केंद्र तो भीलवाड़ा मण्डी ही रहेगी। वर्तमान व्यापार के बारे में इन्होंने बताया कि क्वालिटी माल ही बिक रहा है और आगे अब श्रेष्ठ कपड़ा बिकेगा। स्थानीय शहर में गारमेण्ट उद्योग कुछ स्तर तक पनप रहा है, लेकिन इसमें काफी बड़े स्तर पर संभावनाएं बन सकती है। वर्तमान कपड़ा व्यापार संघर्ष के दौर में गुजर रहा है, लेकिन परिस्थितियों से सामना करते हुए नये क्रिएशन एवं अधिक मेहनत की दरकार है।

### कंचन इंडिया लिमिटेड

प्रोसेस डिविजन के प्रेसीडेंट श्री अनिल वर्मा कहते है कि पिछले लंबे समय से कपड़ा उद्योग उतार पर है एवं आगे भी फिलहाल बड़ी संभावनाएं नहीं लग रही है। उद्यमियों की मजबूरी कि प्लांट चलाना पड़ रहा है और आगे कपड़ा बाजार में काफी परिवर्तन दिख रहे हैं। यूनिफॉर्म फैब्रिक निटेड में शिफ्ट होने लगी है। चाइना से प्रतिस्पर्धा भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री नहीं कर पा रही है।


### A K प्रोसेस

टेक्निकल चीफ श्री अरूण सिंह ने बताया कि भीलवाड़ा को आगे बढ़ना है तो मार्केट के हिसाब से प्रॉडक्ट बनाना होगा तथा आरएनडी करनी पड़ेगी और खर्च भी करना पड़ेगा, क्योंकि यहाँ पर उद्यमी अपने स्तर पर ही बदलाव करते हैं। जैसे स्टेण्टर नया लगा ETP स्थापित कर रहे तथा रेपीयर एयरजेट हाई स्पीड मॉडर्न टेक्नोलॉजी स्थापित हो रहें, परंतु पब्लिक टेस्ट को ट्रेस नहीं करते हैं। इसी तरह यूनिफॉर्म में भी काफी स्कूलों द्वारा अपनी प्रोग्रामिंग दी जा रही है। चैक्स का पैटर्न चेंज हो रहा एवं निटिंग सेक्टर में डायवर्ट होने लगे हैं। श्री सिंह ने बताया कि लुधियाना, पंजाब की तुलना करे तो वहाँ समय के साथ काफी बदलाव किए है। दूसरा भीलवाड़ा में ओवरहेड कास्टिंग को नियंत्रित करना होगा, क्योंकि भीलवाड़ा मण्डी शुरू से ही कम रेट के लिए ही मान ली गई, जिसको बदलना होगा।

## अमेरिकी सरकार द्वारा भारत पर चीन एवं अन्य कुछ देशों से टैरिफ दरें कम रखने से निर्यात बढ़ेगा



कई विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प सरकार द्वारा लगाया गया टैरिफ प्लान हमारे देश के लिए आपदा में अवसर बढ़ा सकता है। टेक्सटाइल इंडस्ट्री की बात करे तो गारमेण्ट टेक्सटाइल सेक्टर के हमारे प्रतिद्वंदी बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत टैरिफ लगा है। भारतीय गारमेण्ट इंडस्ट्री में इंफ्रास्ट्रक्चर इन देशों से बेहतर है और 3 अरब डॉलर निर्यात वाले भारतीय रेडीमेड सेक्टर को यूएस से नये सप्लाई ऑर्डर मिल सकते हैं। पहले के दौर में कोल्ड वार फिर ट्रेड वार और अब टैरिफ वार में जिसका भारत को कैसे लाभ मिल सकता है। टैरिफ दबाव भारत को अपने मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को और मजबूत करने के लिए प्रेरित कर सकता है, जिससे भारत को मेक इन इंडिया मिशन को गति मिलेगी। आगे भारत, लेटिन अमेरिका, ईयु और साउथ अफ्रीकी देशों में व्यापार को बढ़ा सकेगा।






### मनी कंट्रोल के मुताबिक

अमेरिका द्वारा लगाये गए हालिया टैरिफ से भारत के छोटे और मझोले टेक्सटाइल प्लेयर ज्यादा एक्सपोर्ट कर पाएंगे। दूसरे देशों पर लगे भारी टैरिफ से भारत का फायदा हुआ है। पीडीईएक्ससीआईएल के मुताबिक सरकार थोड़ी मदद करे, तो एक्सपोर्ट डबल हो सकता है। हालांकि ट्रम्प सरकार फिर भी वार्ता का दरवाजा हमेशा खुला रखेंगे, जिससे और भी संशोधन की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। इधर चीन की चुनौती से निपटने के लिए अमेरिका को भारत की बेहद जरूरत रहेंगी, जिससे भारत को दरकिनार नहीं करेगा।







# यार्न मार्केट स्थिर : कॉटन यार्न के निर्यात पर दबाव

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय...** वीविंग इकाइयों में कामकाज कम होने से यार्न मार्केट स्थिर है। कॉटन यार्न में स्थिरता से मांग बढ़ सकती है। पिछले कुछ समय से रूई की कीमत कम होने के कारण कॉटन यार्न की कीमतों पर अंकुश लगा है। कॉटन यार्न के निर्यात का बड़ा आधार बांग्लादेश में गारमेण्ट इकाइयों पर भारी संकट के कारण साउथ की स्पिनिंग इकाइयों पर अब कॉटन यार्न का उत्पादन और नये निवेश करने पर भारी दबाव बन रहा है। कॉटन यार्न निर्यात की स्थिति पहले जैसी नहीं है। रूई सस्ती है, जो स्पिनिंग मिलों को मिल रही है, जिससे अच्छी रूई आयात करने पर भाव अधिक नहीं चुकाना है। ऐसे में कॉटन यार्न के भाव अधिक बढ़ने की संभावना नहीं है, परंतु छोटे-मोटे उछाल की संभावना है। पावरलूम इकाइयों में पहले से ही कपड़ों का उत्पादन कम था। अब ईद के समय करीब तीन दिनों तक भिवंडी के बंद रहने से कपड़ों का उत्पादन और घटने का अनुमान है। भिवंडी में लूमों की संख्या कम होने के साथ आधुनिक लूमों पर उत्पादन होने लगा है। कॉटन यार्न में अब कई तरह के काउंट का उपयोग कपड़ों के उत्पादन में किया जा रहा है। इन यार्न की कीमतों में कभी एकाध दो रूपए बढ़ जाया करते हैं, तो कभी इतना ही घट जाते हैं। इस तरह से देखा जाए तो कॉटन यार्न के भाव पर एक तरह से स्थिरता आ गई है। यार्न में स्थिरता रहती है, तो वीवर्स को कपड़ों के मामले में जोखिम कम हो जाता है और वीवर्स का ध्यान अधिक से अधिक उत्पादन पर केंद्रित होता है। स्पिनिंग मिलों में यार्न का उत्पादन पहले की ही तरह है। देश की स्पिनिंग मिलों को उचित भाव पर रूई मिल रही है। इतना ही नहीं इन मिलों के पास विदेशी बाजारों से अच्छी गुणवत्ता की सस्ती रूई का भी विकल्प है। अमेरिकी रूई पर चीन द्वारा 10 से 15 प्रतिशत तक टेक्स लगाने के बाद अमेरिकी रूई का भाव घट गया है। भारत में करीब 30 लाख गांठ का आयात सौदा किया गया है। कॉटन यार्न का उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। कॉटन यार्न में सुधार संभव है। कॉटन यार्न, पीवी और पीसी, रोटो सहित यार्न की अन्य किस्मों की मांग बढ़ती है, तो यार्न बाजार मजबूत हो सकता है। बाजार हाल सकारात्मक हो गया है।












# सम्पादकीय....

## सांसदों का गलत आचरण संसद की गरिमा के लिए चुनौतीपूर्ण

गत दिवस लोकसभा अध्यक्ष की नसीहत के जवाब में राहुल गांधी ने उन पर यह आरोप लगाया कि उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा। उन्होंने ऐसा इसलिए भी कहा क्योंकि लोकसभा अध्यक्ष की टिप्पणी से यह साफ नहीं हुआ कि वह उनके किस आचरण की ओर संकेत कर रहे थे। बेहतर हो कि सत्तापक्ष और विपक्ष इस पर मंथन करें।

लोकसभा अध्यक्ष को एक बार फिर सदन में सांसदों के आचरण पर नसीहत देनी पड़ी। इस बार यह नसीहत राहुल गांधी के संदर्भ में देनी पड़ी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी की ओर संकेत करते हुए उनसे सदन की गरिमा बनाए रखने को कहा।

उनकी टिप्पणी से यह तो स्पष्ट नहीं हुआ कि वह उनकी किस गतिविधि को रेखांकित कर रहे थे, लेकिन उन्होंने जिस तरह यह कहा कि इस सदन में पिता-पुत्री, माता-पुत्री एवं पति-पत्नी सदस्य रहे हैं और वह नेता विपक्ष से यह अपेक्षा करते हैं कि उनकी ओर से नियम 349 के अनुरूप आचरण किया जाए, उससे यही लगता है कि उन्हें उनका कोई कृत्य सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं लगा।

अब लोकसभा अध्यक्ष से आए दिन यह सुनने को मिलता है कि सांसद सदन में मर्यादा और शालीनता के मानदंड बनाए रखें। गत दिवस तो उन्होंने यह भी कहा कि उनके संज्ञान में ऐसी कई घटनाएं आई हैं, जब सांसदों का आचरण सदन की उच्च परंपराओं के अनुरूप नहीं रहा। यह पहली बार नहीं है, जब संसद में सांसदों के आचरण को लेकर सवाल उठे हों और इससे संबंधित नियम 349 का उल्लेख हुआ हो।

अभी चंद दिन पहले जब द्रमुक सांसद लोकसभा में नारे लिखी टीशर्ट पहनकर आए थे, तब भी इस नियम का हवाला देकर उनसे मर्यादा में रहने को कहा गया था। इसी तरह पिछले वर्ष जब राहुल गांधी लोकसभा में फोटो लेकर पहुंचे थे और उन्होंने उसे अपने संबोधन के समय लहराया था, तब भी इस नियम का उल्लेख किया गया था।

इसमें संदेह है कि लोकसभा में सांसदों की ओर से सदन की मर्यादा के अनुरूप आचरण न करने पर नियम 349 का उल्लेख करने से उनके कार्य-व्यवहार में सुधार आ जाएगा, क्योंकि ससंद के भीतर नारे लिखे पोस्टर लहराने, नारेबाजी करने के मामले आए दिन देखने को मिलते हैं। जब उन्हें ऐसा करने से रोका-टोका जाता है और सदन की मर्यादा का पालन करने को कहा जाता है तो वे इस आरोप के साथ सामने आ जाते हैं कि उनकी अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोटा जा रहा है। इन दिनों तो यह आरोप बहुत आम हो गया है।

ऐसा क्यों है, इस पर विचार होना चाहिए। गत दिवस लोकसभा अध्यक्ष की नसीहत के जवाब में राहुल गांधी ने उन पर यह आरोप लगाया कि उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा। उन्होंने ऐसा इसलिए भी कहा, क्योंकि लोकसभा अध्यक्ष की टिप्पणी से यह साफ नहीं हुआ कि वह उनके किस आचरण की ओर संकेत कर रहे थे। बेहतर हो कि सत्तापक्ष और विपक्ष इस पर मंथन करें कि संसद को सही तरीके से कैसे चलाया जाए। यह तभी संभव है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे को समझेंगे। ध्यान रहे कि ताली एक हाथ से नहीं बजती।

# कुछ नया, कुछ अलग •



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

## मुस्कुराइए और दुनिया तुम्हारे साथ मुस्कुराएगी -हरेश मेहता

**नमस्ते मित्रों,**

आज मैं एक ऐसे विषय पर बात करना चाहूँगा जो हम सभी के जीवन का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन आजकल हम इसका इस्तेमाल कुछ कम कर रहे हैं। मुस्कान, स्मित, मुस्कुराहट, स्माइल! जी हाँ दोस्तों, आपकी हर एक छोटी-सी मुस्कान किसी के दिल को छू सकती है। कोई भी इंसान कभी भी खुश होकर पैदा नहीं होता, लेकिन हम सभी दूसरों को खुशी देने की क्षमता के साथ जरूर पैदा होते हैं। हमारे यहाँ एक कहावत है, 'मुस्कुराइए और दुनिया तुम्हारे साथ मुस्कुराएगी।' मैं सच में इस बात पर यकीन करता हूँ कि हल्की-सी मुस्कान आपको अच्छे मूड में रखने का सबसे आसान तरीका है। मुस्कुराने से हमारा आनंद अन्य लोगों के साथ साझा होता है।

पुष्टिमार्ग संप्रदाय के संस्थापक और शुद्धाद्वैत दर्शन के प्रतिपादक जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य ने श्री कृष्ण को समर्पित आठ श्लोकों की रचना 'मधुराष्टकं' में भगवान श्री कृष्ण के स्मित को मधुर कहा है। 'मधुराष्टकं' की प्रथम पंक्ति में श्री महाप्रभुजी कहते हैं 'अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरं', अर्थात् हे कृष्ण, आपके होंठ मधुर है, आपका चेहरा मधुर है, आपकी आँखे मधुर है और आपकी मुस्कान भी मधुर है, ऐसे मधुरत्व के स्वामी श्री कृष्ण आपका सब कुछ मधुर है। मुस्कान में एक जादू है, जो होठों पर आते ही चेहरे पर से सारी परेशानियाँ दूर हो जाती है। आजकल की तनावपूर्ण और ऊबाऊ जिंदगी में यदि हमें दो पल भी मुस्कुराहट के मिल जाएं, तो मानो जिंदगी में सुकून मिल जाता हैं। हमारी हल्की सी मुस्कान हमारे तनाव के बर्फ को पिघला देती है। मुस्कान के बिना खूबसूरत इंसान भी अनाकर्षक और अभिमानी लगता है। यदि कोई व्यक्ति सोचता है कि जब मेरे जीवन के तमाम दुःख समाप्त हो जाएंगे, तब मैं मुस्कुराऊंगा तो वह इंसान जीवन में कभी-भी मुस्कुरा नहीं पाएगा। कोई भी दुःखी व्यक्ति यदि मायूसी और निराशा का दामन थाम ले, तो मानो उसका पतन निश्चित है।

कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि एक मुस्कुराहट केवल दिल को सुकून ही नहीं देती, लेकिन इसका हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ भी सीधा संबंध है। मुस्कुराने से चेहरे की मांसपेशियों का व्यायाम हो जाता है। जब हम मुस्कुराते हैं, तो चेहरे की सभी मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे झुर्रियां जल्दी नहीं पड़तीं। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि चेहरे पर मुस्कान के भाव उत्पन्न करने से इंजेक्शन के दर्द को 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। आप सभी को मेरी एक सलाह है कि आप हर दिन सुबह उठकर शीशे में देखकर अपने-आप को हल्का-सा स्मित दीजिए। दिन की शुरूआत एक मुस्कान से करिए। दफ्तर पहुँचते ही अपने सहकर्मी से बात करते समय मुस्कुराइए। अगर आप फ्लाइट से प्रवास कर रहे हैं, तो एयरपोर्ट के कर्मचारियों से मुस्कान से पेश आइए। एयरपोर्ट के भीतर प्रवेश करते ही सुरक्षाकर्मी को हल्की-सी मुस्कान दीजिए और उनका आभार व्यक्त कीजिए। यदि आप एक व्यापारी हैं, तो अपने ग्राहकों से बात करते समय मुस्कुराइए। याद रखना, मुस्कुराता हुआ व्यापारी सभी को पसंद आता है।

एक पुरानी चीनी कहावत है, जो हमारे व्यापार के संदर्भ में पूरी तरह सही बैठती है- 'जिस व्यक्ति के पास मुस्कुराता चेहरा न हो, उसे दुकान नहीं खोलनी चाहिए।' एक व्यापारी यदि ग्राहकों के साथ मुस्कुराते हुए पेश नहीं आता, तो वह व्यापारी किस बात का ? किसी के सामने स्मित करने से आप गरीब नहीं हो जाते। अमीर से अमीर व्यक्ति को भी मुस्कान की आवश्यकता होती है और गरीब से गरीब इंसान भी अपनी जिंदगी में दो पल के लिए मुस्कान ढूँढ ही लेता है। यह थके हुए लोगों के लिए आराम का काम करती है और निराश व्यक्तियों के लिए आशा की किरण समान है। मुस्कान को आप किसी से खरीद नहीं सकते, न ही यह किसी से उधार ली जा सकती है, न ही इसे किसी से चुराया जा सकता है और न ही यह भीख में मिलती है।

मुस्कान सिर्फ चेहरे की अभिव्यक्ति से कहीं ज्यादा है। यह दुनिया में चारों ओर सकारात्मकता फैलाती है। मुस्कुराहट को अपनाकर हम तनाव कम कर सकते हैं और दूसरों के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर सकते हैं। आइए, हम सभी ज्यादा से ज्यादा मुस्कुराने का प्रयास करें। मैं अपनी बात को गीतकार शैलेंद्र के अनाड़ी फिल्म के लिए लिखे गीत से वीराम देना चाहूँगा।

किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार,
किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार,
किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार,
जीना इसी का नाम है!!!

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# भारतीय रक्षा सेनाओं में टेक्सटाइल उद्योग का योगदान और संभावनाएँ



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट

किसी ने सही लिखा है 'अगर आपको शांति चाहिए, तो युद्ध के लिए भी तैयार रहें' ! हमें अपनी सेनाओं पर गर्व है। हाल ही, 2025 के ग्लोबल फायर पावर में भारत की सेनाओं ने विश्व की शीर्ष सेनाओं में चौथा स्थान पाया, जो सराहनीय कदम है और 160 करोड़ भारतीयों का सीना चौड़ा हो गया। मगर, सवाल उठा कि, क्यों अमेरिका, रूस और चीन हमसे आगे है। वर्ष 2020 की एक रिपोर्ट के अनुसार हम सैनिकों की वर्दी के कपड़े के लिए पड़ोसी देशों पर निर्भर थे। पोशाक के बारे में बात करे तो सर्दी, गर्मी के अलावा जल, थल और वायु सेना में रैंक के अनुसार कई विकल्प है। वहीं थल सेना में छलावा देने वाले कपड़े, तो टैंक के अन्दर, गर्मी से बचाव वाले कपड़े, इंजीनियरिंग में तेल ग्रीस से बचाव वाले। एयरफोर्स के अग्नि अवरोधित कपड़ों में हाई एल्टीट्यूड में प्रेशर से बचाव इत्यादि। युद्ध क्षेत्र के अलावा ऑफिस, प्ले ग्राउंड के कपड़े की भी जरूरत है। हमारे सैनिकों के लिए प्रतिवर्ष लगभग 1.5 करोड़ मीटर से अधिक कपड़े की जरूरत होती है।

रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025 को 'राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन' घोषित किया गया है, जिसमें सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण एवं मजबूती के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारतीय टेक्सटाइल को रक्षा सुधार वर्ष की चुनौती में संभावनाएं खोज कर, मेक इन इंडिया में योगदान देना होगा। अगर, हम अपने सुरक्षा जैसे सैन्य संसाधनों आदि ड्रोन, कपड़ों उपग्रहों, हथियारों, बुलेट प्रुफ जैकेट इत्यादि में दूसरों पर निर्भर रहेंगे, तो क्या गारंटी है कि आप की सीमाएं सुरक्षित हो? अमेरिका ने भी यूक्रेन से हथियार के बदले उसके प्राकृतिक संसाधनों में अपना हक मांगा है। हमें याद रखना है जब-जब भारत को युद्ध में जीत हासिल हुई है, तब-तब उसको रक्षा उपकरणों के व्यापारियों से दवाब भी झेलना पड़ा है। हाल ही, भारतीय सेना ने एक स्वदेशी कम्पनी का कॉन्ट्रेक्ट चाइनीज सामान यूज करने के कारण, कैंसिल करना पड़ा।

हमारे समय के पैदा हुए लोगों ने वर्ष 1962,1965 और 1971, गलवान और सियाचिन के युद्ध में भारतीय सेनाओं का पराक्रम देखा है। जिसमें संसाधन कम होते हुए भी सैनिकों ने दुश्मन को परास्त किया। राफेल फाइटर के आगमन में कितनी कठिनाई झेलनी पड़ी।

वर्ष 1962 में हमने लोगों को भारतीय सेनाओं के लिए स्वेटर, मौजे बुनकर सीमाओं पर भेजते देखा। एक तरफ हमारी सैनिक जरूरी संसाधनों की कमी के बावजूद, सीमाओं की रक्षा के लिए युद्ध कर रहे थे, वहीं उस समय की भारतीय जनता भी कंधे से कंधा मिलाकर अपने-अपने ढंग से मदद कर रही थी। किसी भी देश का सैनिक अपनी मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने में तत्पर रहता है, जब उसे यह विश्वास रहता है कि उसके पीछे लोग उसके परिवार का ध्यान रखते हैं। हमें आज सेनाओं की तैयारी में राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, वैश्विक बातों को अलग रखते हुए एक सवाल जरूर अपने टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े लोगो के सामने रखना है:-

- क्यों एक भव्य मजबूत टेक्सटाइल उद्योग के होते हुए भारतीय सेनाओं के लिए अपेरल और टेक्निकल टेक्सटाइल में विदेशों पर निर्भरता होने दी ?
- क्या रक्षा विभाग द्वारा मानको को प्राप्त करने में दिक्कत ?
- क्या कोस्टींग नहीं बैठती?
- क्या ऑर्डर लेने की प्रकिया का ज्यादा समय लगना?
- क्या इच्छाशक्ति की कमी?

अगर गौर करे, तो भारतीय टेक्सटाइल का एक बड़ा हिस्सा कमोडिटी वस्त्रों में लगा हुआ है, जिसमें मार्जिन कम कॉम्पिटिशन ज्यादा है और कैपेसिटी भी ओवर। नतीजा मार्केट में डिमांड से ज्यादा समान।

हाल ही, भारतीय सेना के एक उच्च अधिकारी चर्चा में रहें, जिन्होंने एक भारतीय संस्थान का समय पर युद्ध की सामग्री न देने से अपना गुस्सा जाहिर किया। यह साफ दर्शाता है कि कहीं न कहीं हम अपने विदेशी कॉम्पिटिशन में क्वालिटी प्रॉडक्ट, रिसर्च और समय इत्यादि में हम कहीं न कहीं पीछे रह गए है। मेरा मानना है कि स्किल का भी ध्यान रखना होगा।

चलो 'जब जागे, जब सवेरा'। रक्षा में टेक्सटाइल का उपयोग ज्यादातर जगह पर होता है। पहला सिस्टम में प्रयोग जिसमें टेंट, स्लीपिंग बैग्स, शरण स्थल में प्रयोग कपड़े, पैराशूट, रस्सियों इत्यादि है। एक रिपार्ट के अनुसार सरकार लगभग 3000 जवानों पर एक दिन में 5 करोड़ रूपए खर्च करती है, जिनमें वर्दी, जूते और स्लीपिंग बैग्स भी शामिल है। यहाँ पर उपयोग आने वाला कपड़ा, मजबूत, विपरीत परिस्थितियों में कपड़ों की शेप में बदलाव न आना, यूजर फ्रेंडली, इधर-उधर ले जाने में आसानी के लिए कम वजनी, आग से बचाव, पर्यावरण को नुकसान न हो। इसमें सूती कपड़ों (केनवास और डक वैरायटी)ने अपनी जगह बनाई है। धीरे-धीरे अब इसकी जगह मिश्रित रेशों ने ले ली है। आज सेनाओं की पोशाक, छलावा यानी रक्क और दुश्मन की आँखों को भ्रमित करने वाली बनाई जाती है, जो पहनने वाले को वातावरण के अनुसार दिखने वाले बने होते हैं। कोयम्बूटर की शिवा टेक्सटाइल सेना के लिए कपड़े आपूर्ति करने वाली भारतीय संस्थान है। दूसरा उपयोग सुरक्षा का जिसमें बुलेट प्रुफ जैकेट, हैलमेट, लड़ाई के मैदान में पहनने वाले कपड़े, (जिनसे न्यूक्लियर और बायोलॉजिकल हमले से बचाव), ऊँचाई जैसे सियाचिन और मरूस्थल के एक्सट्रीम टेंपरेचर को झेलने में सक्षम हो। इसमें टेफलॉन/नायलॉन 6.6, कार्बन और केवलर जैसे सिंथेटिक रेशे का प्रयोग बढ़ा है।

यहाँ, आप सहमत होंगे कि जब तक हमारे एक-एक सैनिक सुरक्षित है, तब तक हम सुरक्षित है। आज जरूरी है कि टेक्सटाइल उद्योग सेना के लिए गुणवत्ता, रिसर्च और देशभक्ति के जुनून पर ध्यान देकर, उन क्षेत्रों पर कार्य करेंगे, जहाँ पर हम विदेशी सामान पर निर्भरता है। पाक से सियाचिन और चीन से गलवान घाटी और वर्ष 2022 में अरुणाचल प्रदेश के तवांग में झड़प के बाद मौजूदा समय भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर, रक्षा उत्पादन में वृद्धि और भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिसका श्रेय मौजूदा केंद्रीय सरकार के आत्मनिर्भर भारत मिशन को जाता है। आज एमएसएमई को प्रोत्साहन देकर युवाओं को इस मिशन में जोड़ा जा रहा है। DRDO, Nitra, Nift और IIT जैसे संस्थान एवं तामिलनाडु ,उत्तरप्रदेश सरकारों का रक्षा उपकरणों के उत्पादन में योगदान सराहनीय है। स्मार्ट टेक्सटाइल की आने वाले समय में काफी संभावनाएं बढ़ी है। भारत की मौजूदा स्थिति में एक बात बहुत सही है- वह है टेक्नोलॉजी को भारत में ट्रांसफर करके उसे मैन्युफेक्चर करना एवं देश की सुरक्षा में क्वालिटी से समझौता नहीं होना चाहिए।

सम्पर्क +91 74258-13125

# YARN Rate
## यार्न रेट्स 5 अप्रैल, 2025

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 218 |
| 2/18 Dyed | 178 |
| 2/40 Dyed | 258 |
| 2/30 Frosted | 215 |
| 2/30 Dyed Slub | ---- |
| 2/30 School Dress Clourer | 220 |

### R.T.M Mob: 9829047404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 219 |
| 2/40 Dyed | 260 |
| 2/30 Frosted | 218 |

### SRM Spinners Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 158 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 168 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 187 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 180 |
| 1/15 Poly Black | 122 |
| 20 PV Black | 144 |
| 15 PV Black | 140 |
| 2/30 PV 65/35 Black | 185 |

### PANIPAT YARN- 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 106-153 |
| 150 Roto Black. | 111-156 |
| 150 Roto Bright. | 125-145 |
| 150/250 grey. | 113-155 |
| 150/250 dyed | 126-172 |
| 150 FDY. | 129 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 132 |
| 2/40 POLY | 177 |
| 2/15 Poly Grey | 123 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 115 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 60-115 |
| 6 cone. OE | 64-165 |
| 10 cone OE | 95-119 |
| 2/4 cone OE | 95-166 |
| 2/6. OE | 103-178 |
| 2/8 OE | 113-189 |
| 2/10 OE. | 114-228 |
| 2/20 OE. | 225-428 |
| 2/30 RF. | 303-428 |
| 2/40 RF | 304-422 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 202 |
| 15 CONE | 206 |
| 20 CONE | 213 |
| 2/15 CONE | 216 |
| 2/40 CONE | 267 |

### Raghav Group (94141-11402)
Email: sheetal@raghavindia.com

| COUNT | RATE |
|---|---|
| **TRIDENT LIMITED** | |
| 1/10 OE | 166 |
| 1/14 OE | 164 |
| 1/16 OE | 167 |
| 1/20 OE | 196 |
| 30 KW | 269 |
| 30CWC | 276 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 322 |
| 50 CW COMPACT | 392 |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | 159 |
| 1/20 POLY 100% | 149 |
| 1/15 POLY 100% | 144 |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | 196 |
| 2/18 P/V BLACK | 170 |
| 2/30 P/V BLACK | 235 |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 165 |
| 7 OE | 167 |
| 10 OE | 178 |
| 10 LYCRA | 259 |
| 10 SLUB LYCRA | 280 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 158 |
| 2/24 Poly Grey@ | 164 |
| 2/30 Poly Grey@ | 169 |
| 2/40 Poly Grey@ | 196 |
| 2/60 Poly Grey@ | 257 |
| 2/76 Poly Grey@ | 315 |
| 2/30 PV Black @ | 218 |
| 2/40 PV Black @ | 258 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 245 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | NA |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | NA |
| 1/30 pv | 165 |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 124 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv ` | 218 |
| 2/30 pv | 182 |
| 1/20 pv | 155 |
| 1/15 pv | 149 |

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

| Fancy Yarn Per Kg | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 212 |
| 2/60 PVT | 216 |
| 2/60 Polyster | 235 |
| 2/76 Polyster | 275 |
| 2/60 P.V. | 258 |
| 2/60 P.C. | 265 |
| 150/48/400 Bright | 130 |
| 75/36/1450 Bright Rate | 158 |
| 65/36/600 Bright Rate | 212 |
| 100/36/1450 | 142 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 198+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 185+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 184+GST |

Cd : 3rs/kg

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 225 |
| 2/40 Dyed | 280 |
| 2/50 Dyed | 345 |

### PAWAN ENTERPISES 9414111656

| | |
|---|---|
| **Triveni Spinning** | |
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 159 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 191 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 225 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 150 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 153 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 160 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 165 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 183 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 129 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 147 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 195 |
| 2/30 100% Viscose@ | ..... |
| 2/40 100% viscose@ | 250 |

### RATAN BARJATIYA SPINNERS
Bhavit Jain: 9928913144

| | |
|---|---|
| **PV Yarn** | |
| 2/60 PV | 260 |
| 2/40 PV | 205 |
| 2/30 PV | 179 |
| 2/24 PV | 173 |
| 2/20 PV | 167 |
| 2/18 PV | 165 |
| 2/15 PV | 161 |
| 20 PV | 155 |
| 15 PV | 149 |
| 10 PV | 147 |
| **Recycled PV Yarn 70:161** | |
| 2/40 PV | 180 |
| 2/30 PV | 160 |
| **Polyester Yarn** | |
| 2/60 Poly | 230 |
| 2/40 Poly | 185 |
| 2/30 Poly | 155 |
| 2/24 Poly | 150 |
| 2/20 Poly | 144 |
| 2/15 Poly | 135 |
| 2/10 Poly | 130 |
| 15 Poly | 127 |
| 10 Poly | 125 |
| **Recycled Polyester yarn** | |
| 2/40 recycled | 160 |
| 2/30 recycled | 140 |
| 2/20 recycled | 130 |
| 2/15 recycled | 125 |
| 1/15 recycled | 110 |
| **PC Yarn Combed (65:35)** | |
| 2/40 PC | 240 |
| 2/30 PC | 225 |
| **Black Yarn** | |
| 2/30 poly black | 160 |
| 2/30 pv black | 185 |

## श्रद्धांजलि

।।ॐ शांति ॐ।।



स्व. श्रीमती कृष्णा देवी बंसल
(स्वर्गवास: 28-3-2025)
प्रतिष्ठान- तरसेम कुमार एंड कंपनी, मोहन संस, तुषार फैब्रिक्स (सियाराम्स वाले), श्री गंगानगर

श्रद्धावनत
योगेन्द्र शर्मा (संपादक)
एवं समस्त टेक्सटाइल वर्ल्ड परिवार, (भीलवाड़ा)

## 2024-25 में गारमेंट...

पृष्ठ 1 का शेषांश

इक्रा द्वारा कम्पनियों के सर्वे के अनुसार वर्तमान में चल रहे इंआर्गेनिक विस्तार और भारी-भरकम पूँजीगत खर्च के कारण नकदी का निकास और इसके जारी रहने का अनुमान है, क्योंकि अनुमानित मांग में वृद्धि को देखते हुए निवेश में वृद्धि बने रहने की संभावना है। इसका कहना है कि विकासशील देशों द्वारा बांग्लादेश आदि कम विकसित देशों को आयात में जो रियायत दे रखी है, वह डेढ़ वर्ष बाद समाप्त हो जाएगी। रियायती ड्यूटी की अवधि समाप्त होने के बाद विश्व बाजार में बनने वाले समीकरणों का लाभ उठाने के लिए अनेक कम्पनी क्षमता का विस्तार कर रही हैं।

1,51,000 का ईनाम जीतने का सुनहरा मौका

वैधानिक चेतावनी


SUDHIR SUITINGS & SHIRTINGS We make something better
A Product of SUDHIR SYNTHETICS PVT. LTD.
SILVER DUST
SUDHIR

कोई भी व्यक्ति हमारे ब्राण्ड्स की नकली सेल्वेज एवं कॉपी करने की सूचना देगा उसको नकद 1,51,000 रुपये का ईनाम दिया जायेगा एवं उसका नाम पूरी तरह से गुप्त रखा जायेगा।
सम्पर्क करें- 94141 15394

अधिवक्ता- G.D. BANSAL & ASSOCIATES (RAJASTHAN HIGH COURT, JAIPUR RAJASTHAN)
M-118, MAHESH COLONY, NEAR JP UNDERPASS, JAIPUR-302015
Email: advocategdbansal@gmail.com, Mob.: +91-90012-95042

# कपड़ा कारोबार में नवग्रह ज्योतिष का प्रभाव
## -ज्योतिर्विद् डॉ. बालकृष्ण मिश्र, विद्या वारिधि काशी

मुम्बई/ आर बी सिंह



कपड़ा व्यवसाय में नवग्रहों की भूमिका अहम होती है। जैसे-

**बुध ग्रह-** बुध ग्रह कपड़ा व्यवसाय में व्यापार वाणिज्य और संचार का कारक माना जाता है, जो कपड़ा व्यवसाय में सफलता की विशेष छाप छोड़ता है।

**शुक्र ग्रह-** शुक्र ग्रह कपड़ा व्यवसाय में सौंदर्य, आकर्षक एवं रचनात्मक कला का कारक माना जाता है, जो कपड़े की डिजाइन और कला आदि में अपना असर छोड़ता है।

**चंद्र ग्रह-** चंद्र ग्रह कपड़ा व्यवसाय में मानसिक शांति, संतुलन और ग्राहकों की पसंद का कारक माना जाता है, जो अपने चित्त और मन की शीतलता के योगदान का कारक माना जाता है।

**शनि ग्रह-** शनि ग्रह कपड़ा व्यवसाय में कठिन परिश्रम, अनुशासन और समय प्रबंधन का कारक माना जाता है, जो कपड़े के उत्पादन और व्यवसाय में सफलता के लिए आवश्यक है। इन सभी ग्रहों के अलावा जैसे की सूर्य, मंगल, बृहस्पति, राहु और केतु का भी कपड़ा व्यवसाय में अपना-अपना विशेष प्रभाव डालते हैं, लेकिन मुख्य रूप से बुध, शुक्र, शनि, चंद्रमा का प्रभाव महत्त्वपूर्ण पड़ता है। यदि आप भी अपने कपडों के व्यवसाय फैब्रिक गारमेण्ट, यार्न या डाइंग आदि के कारोबार या उद्योग से जुड़े हैं, तो आप अपना नाम, जन्म तारीख, जन्म समय, जन्म स्थान एवं यदि आपके मन में कोई प्रश्न हो तो निम्न नंबर 9222041001 पर एसएमएस भेज सकते हैं, जिसका उत्तर एवं सामान्य उपाय निःशुल्क पाक्षिक टेक्सटाइल वर्ल्ड समाचार-पत्र के आगामी अंक में काशी के सुप्रसिद्ध ज्योतिर्विद डॉ. बालकृष्ण मिश्र, विद्या वारिधि काशी के द्वारा प्रकाशित कराया जा सकता है, ताकि आपके मन में उठ रहे व्यापार के प्रति शंकाओं के निवारण का प्रयास होता रहें।

# लेडीज सूट एवं साड़ियों की डिमाण्ड

बरेली/ राजीव अरोड़ा

किसी ने कहा, 'बड़ी आस लेकर तेरे कूचे से हम निकले' परंतु यह पंक्तियां आज वस्त्र विक्रेता के लिए पूर्ण रूपेण चरितार्थ हुई है। होली एवं ईद का नाम जुबा पर आते ही कपड़े की सीजन की कल्पना आती है, परंतु होता इसके विपरीत है। जहाँ ईद और नवदुर्गा व्रत के बाद साहलग शुरू हो जाता है, वहाँ संभावनाएं अच्छे सीजन की बन रहीं है। लेडीज सूट एवं साड़ियों की डिमाण्ड अच्छी बनी रहेगी। प्रायः यह देखा गया है कि ग्राहक की क्रय शक्ति कमजोर चल रही है। कटरामनराय एक विख्यात होलसेल वस्त्र प्रतिष्ठान है, जहाँ व्यस्त बाजार रहता है, किंतु अब ऐसा नहीं है तथा मार्केट खाली पड़ा है। पेमेंट की आवक कमजोर है।

# रेडीमेड गारमेण्ट में फिर से चहल-पहल...

पृष्ठ 18 का शेषांश

यूरोपीय देशों में मंदी और महंगाई के कारण खरीदी कम हो रही है तथा लॉजिस्टिक खर्च बढ़ा है। मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों में मूल्य आधारित निर्यात बढ़ने का मौका है। बांग्लादेश का मुख्य उद्योग गारमेण्ट है। बांग्लादेश की विदेशी मुद्रा की कुल कमाई में 84 प्रतिशत हिस्सा गारमेण्ट उद्योग का है, इससे गारमेण्ट निर्यात भारत से बहुत अधिक है। इनको मिलने वाला ऑर्डर अब भारत, वियतनाम, श्रीलंका, इंडोनेशिया जैसे देशों को चला गया है। अतः एक-चौथाई गारमेण्ट इकाइयों के मालिक भारतीय है। जब से बांग्लादेश में अशांति का माहौल बना है, तब से गारमेण्ट के सैंकडों कारखानें बंद हो चुके हैं और लाखों लोग बेरोजगार हो गए है। अभी और गारमेण्ट मिलों के बंद होने की आशंका से गारमेण्ट उद्योग को पूर्व की सरकार में जो प्रोत्साहन मिलता था, वह अब बंद हो गया है। रिटेलर्स का कहना है कि फैशन पसंद करने वाले ग्राहकों को गारमेण्ट में कुछ नये की तलाश रहा करती है। इसके लिए पैसे खर्च करने में कंजूसी नहीं है, लेकिन उनको कुछ नया चाहिए। ग्राहकों की इन्हीं पसंद को ध्यान में रखते हुए गारमेण्ट फैशन ब्राण्ड जैसे अरविंद फैशन, ट्रेंट, ब्लैक बेरी और मदुरा फैशन इत्यादि निरंतर नये कलेक्शंस को बाजार में उतारते रहे हैं। इस तरह के फैशन का चक्र पहले पाँच-छह महीने का होता था, लेकिन अब तेजी से बदलते फैशन को बाजार में नये कलेक्शन को दो-तीन माह एवं लेडीज वियर की उससे भी कम समय में नई वैरायटी बाजार में आती रही है, जिससे रिटेलर्स का निवेश बढ़ता जा रहा है।

## भूल ना जाना ०५५

RISHAB WORLD



# विग्रहराज चतुर्थ

सत्तारूढ़

(११५० - ११६४)

**सांभर के चौहान राजस्थान** में एक **राजवंश** थे जिन्होंने **छठी और बारहवीं शताब्दी** के बीच शासन किया और अपनी राजधानी को साल्ट लेक शहर सांभर से प्राकृतिक रूप से घिरे **अजमेर** शहर में स्थानांतरित कर दिया।
शक्तिशाली **राजा विग्रहराज चतुर्थ** के शासनकाल 1150 से 1164 के दौरान सीमाओं में विस्तार के साथ उनका राज्य साम्राज्य में बदल गया।

**विग्रहराज** को **बिसलदेव** के नाम से भी जाना जाता है, जिन्होंने अपने शासनकाल के दौरान **गजनवी** शासकों बहराम शाह और खुसरो शाह जैसे मुस्लिम आक्रमणकारियों को खदेड़ दिया था।

**विग्रहराज** ने अपनी राजधानी **अजयमेरु (अजमेर)** में कई इमारतें बनवाईं, जिनमें से अधिकांश को उनके निधन के बाद अजमेर की मुस्लिम विजय के बाद नष्ट कर दिया गया या **मुस्लिम संरचनाओं** में परिवर्तित कर दिया गया।

**विग्रहराज** के प्रसिद्ध कार्यों में से एक **अजमेर में संस्कृत शिक्षण केंद्र** का निर्माण था, जिसे **मुस्लिम आक्रमणकारियों** ने बर्बाद कर दिया और **अढ़ाई दिन का झोंपड़ा** के रूप में एक मस्जिद में परिवर्तित कर दिया।

विद्वान **विग्रहराज** ने **संस्कृत भाषा** में एक **हरिकेलि नाटक** लिखा था, जो उपरोक्त मस्जिद के पत्थरों में खुदा हुआ था और जिसके अवशेष आज भी दिखाई देते हैं।

**विग्रहराज चतुर्थ** का एक सिक्का स्पष्ट है जिसमें **भगवान राम** खड़े हैं और धनुष धारण किए हुए हैं, जिस पर **श्री रामा** उत्कीर्ण हैं और पीछे की ओर साम्राज्य के प्रतीक के रूप में **तारा और चंद्रमा** के साथ **श्रीमद विग्रह राजा देवा** अंकित है।

इसी तरह, राजा **विग्रहराज** राजा राम की भांति अपने राज्य में **बहादुरी और सुरक्षा** का एक आदर्श मिश्रण थे, जहां **कला और संस्कृति** का सम्मान और विकास किया गया।




# मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन ने व्यापार नियमों में किए अहम बदलाव

## नए वित्तीय वर्ष से 90-100 दिनों में करना होगा भुगतान


श्री गौरांग भगत

अहमदाबाद/ कपड़ा व्यापार में धोखाधड़ी और भुगतान में हो रही देरी को रोकने के लिए 1 अप्रैल 2025 से बेचे गए कपड़े का भुगतान 90 से 100 दिनों के भीतर करना अनिवार्य होगा। मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन की असाधारण बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में अध्यक्ष श्री गौरांग भगत की अध्यक्षता में पदाधिकारी एवं सूटिंग-शर्टिंग, लंप और ड्रेस मटीरियल व्यापार से जुड़े सदस्य उपस्थित रहें। अध्यक्ष श्री गौरांग भगत ने स्पष्ट किया कि 200 दिनों से अधिक बकाया रखने वाले व्यापारी या फर्म का भुगतान पूरा होने के बाद ही उनसे नया व्यापार किया जाएगा। ऐसे व्यापारियों को महाजन के किसी भी सदस्य द्वारा कपड़ा बेचने की अनुमति नहीं होगी। 31 मई 2025 तक ऐसे व्यापारियों और दलाल-एजेंटों की पूरी जानकारी महाजन कार्यालय में जमा करनी होगी।

### केवल पंजीकृत एजेंट्स के माध्यम से ही खरीदना होगा कपड़ा

महाजन ने यह भी फैसला किया कि केवल पंजीकृत दलाल, एजेंट, एजेंसी और सब-ब्रोकर्स के माध्यम से ही कपड़ा व्यापार होगा। गैर पंजीकृत एजेंटों और दलालों के साथ व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ऐसे एजेंटों को 1 अप्रैल 2025 तक महाजन कार्यालय से फॉर्म प्राप्त कर पाँच व्यापारिक संदर्भों के साथ पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो गैर-पंजीकृत एजेंटों और दलालों का न्यू क्लॉथ मार्केट में प्रवेश वर्जित रहेगा। इसके अलावा व्यापार में अनुशासन बनाए रखने के लिए कपड़ा बेचने से पहले उसकी गुणवत्ता, कीमत, ओवरड्यू ब्याज और अन्य शर्तों का लिखित अनुबंध करना अनिवार्य होगा। जिन व्यापारियों का 200 दिनों से अधिक का भुगतान बकाया है, उन्हें महाजन के किसी भी सदस्य द्वारा कपड़ा बेचने की अनुमति नहीं होगी। महाजन ने यह भी निर्णय लिया कि 200 दिनों से अधिक पुराने बकाया रखने वाली फर्मों और उनसे जुड़े एजेंटों, दलालों की पूरी जानकारी 300 रूपये के स्टांप पेपर पर लिखकर नोटरी दस्तावेज सहित महाजन कार्यालय में जमा करानी होगी। ऐसे व्यापारियों की सूची Be-Alert सूची के रूप में तैयार कर महाजन की वेबसाइट (bealert.info), सोशल मीडिया, समाचार-पत्रों और बाजार की एलईडी स्क्रीन पर सार्वजनिक की जाएगी। श्री गौरांग भगत ने कहा कि व्यापार में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने सभी व्यापारियों से इन नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की, ताकि ले-भागु (चीटर) तत्वों को रोका जा सके और व्यापार सुरक्षित बनाया जा सके।

**केवाईसी जरूरी**

व्यापारिक पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर सदस्य को कपड़ा बेचने से पहले केवाईसी अनिवार्य रूप से लेनी होगी। नए व्यापारियों को पहले तीन वर्षों तक उधारी पर माल नहीं दिया जाएगा, जिससे भविष्य में भुगतान संबंधी समस्याएं न हो।










Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98













# रेडीमेड गारमेण्ट में फिर से चहल-पहल, कॉटन कुर्ती, जींस की मांग

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रेडीमेड गारमेण्ट में चहल-पहल बढ़ने लगी है। उम्मीद है कि नवरात्रा से गारमेण्ट कारोबार फिर से चलने लगेगा। यद्यपि ईद की ग्राहकी फेल होने से निराशा हुई थी, परंतु नवरात्रा शुरू होने से पहले ही रिटेल में ग्राहकी निकलने से कामकाज की धारणा बन रही है। गर्मी के लिए कॉटन, ड्रेस मटीरियल, कुर्ती एवं जींस की मांग अच्छी है। वहीं दिसावरों की मांग कमजोर है, तथापि आगे दो माह गारमेण्ट में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। गर्मी एवं वैवाहिक सीजन की मांग एक साथ होने से बाजार करवट लेने लगा है। आरएमजी में वैश्विक घटनाओं का असर दिखाई दे रहा है। भारत से निर्यात ऑर्डर सुधरा जरूर है, परंतु उतना नहीं जितना सुधरना चाहिए था। निर्यातकों को बड़ी आशा थी कि बांग्लादेश की अशांति तथा चीन के प्रति अमेरिका के कड़क रूख तथा टैरिफ वॉर के कारण देश से आरएमजी निर्यात कारोबार में उछाल आने की संभावना है, परंतु अब इसमें अवरोध आता प्रतीत हो रहा है। अमेरिका का निर्यात ऑर्डर स्थिर है, क्योंकि ब्राण्डों ने स्टॉक पेंडिंग रखा है।

शेषांश पृष्ठ 8 पर...

## कपड़ा व्यवसाय में विश्वसनीय मार्केटिंग फर्म

# सारड़ा टेक्सटाइल एजेंसी


श्री आशीष सारड़ा

**जयपुर/** वर्ष 2012 से कपड़ा व्यवसाय में सक्रिय मार्केटिंग फर्म 'सारड़ा टेक्सटाइल एजेंसी' स्थानीय मण्डी में सूटिंग-शर्टिंग, गारमेंट फैब्रिक एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक की सप्लाई में विश्वसनीय एजेंसी मानी जाती है। युवा एजेंट श्री आशीष सारड़ा द्वारा संचालित यह एजेंसी देश की प्रमुख कपड़ा उत्पादक मण्डियों से डायरेक्ट जुड़ी हुई है। बेहतर मार्केटिंग प्रबंधन एवं पारदर्शी व्यापारिक नीतियों से काम करते हुए श्री आशीष सारड़ा सप्लायर्स एवं बायर्स को संतोषप्रद सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। एजेंसी द्वारा स्टोर लाइन एवं गारमेंट लाइन दोनों में कपड़े की सप्लाई की जा रही है। श्री सारड़ा ने कहा कि समय के साथ अपडेट रहते हुए हमने अपनी एजेंसी के तहत कपड़ा उत्पादक मण्डियों के क्वालिटी फैब्रिक सप्लायर्स के काम को प्रमुखता दी है, वहीं बायर्स में भी हमने सशक्त नेटवर्क स्थापित कर लिया है। जयपुर मण्डी सहित संपूर्ण राजस्थान में कपड़े की आपूर्ति कर रहे हैं।


**क्वालिटी फैब्रिक सप्लाई पर फोकस...** श्री सारड़ा अपनी एजेंसी से जुड़े व्यापारियों को वाजिब दरों में क्वालिटी फैब्रिक की आपूर्ति करने के लिए फैब्रिक उत्पादक मण्डियों में निरंतर सोर्सिंग करते रहते हैं। फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक सप्लाई के लिए एजेंसी सभी फैब्रिक सेगमेंट में टॉप निर्माताओं का काम कर रही है।


**सप्लायर्स एवं बायर्स की कसौटी पर खरी एजेंसी...** श्री आशीष सारड़ा ने बतौर एजेंट ईमानदारी एवं पारदर्शिता से काम करते हुए सप्लायर्स एवं बायर्स के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध कायम किए हैं। सदैव अपने बायर्स के लिए बेस्ट फैब्रिक निर्माताओं का कपड़ा सप्लाई करना इनकी शुरू से ही प्राथमिकता रही है। इनकी इसी कार्यशैली से 'सारड़ा टेक्सटाइल एजेंसी' सप्लायर्स एवं बायर्स की कसौटी पर खरी उतर रही है।

**प्रमुख सप्लायर मण्डियां एवं फैब्रिक वैरायटीज...** 'सारड़ा टेक्सटाइल एजेंसी' द्वारा मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद, भीलवाड़ा, इचलकरंजी, इरोड़, लुधियाना आदि कपड़ा उत्पादक मण्डियों के प्रमुख फैब्रिक निर्माताओं के साथ व्यवसाय किया जा रहा है। श्री सारड़ा ने बताया कि फैंसी सूटिंग-शर्टिंग, गारमेंट फैब्रिक्स, एथनिक फैब्रिक्स, यूनिफॉर्म फैब्रिक्स, ड्रेस मटीरियल्स, निटेड फैब्रिक्स, वूलन फैब्रिक्स आदि प्रकार के कपड़े की स्टोर लाइन एवं गारमेंट लाइन में बिक्री कर रहे हैं।

**गारमेंट उत्पादन में जयपुर मण्डी का भविष्य उज्जवल...** श्री आशीष सारड़ा ने कहा कि RMG सेक्टर में जयपुर एक प्रोग्रेसिव मण्डी के रूप में उभरी है। यहाँ के गारमेंट निर्माताओं की मेहनत एवं मजबूत इरादों से गारमेंट उत्पादन को बल मिला है। वैसे लेडीज कुर्ती उत्पादन में तो जयपुर की विश्वस्तरीय पहचान है, परंतु अब जयपुर में मेन्स, वूमेन्स एवं किड्स गारमेंट्स का उत्पादन भी बड़े पैमाने पर होने लगा है। इसलिए आने वाला समय जयपुर के गारमेंट निर्माताओं का हैं।




स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।




SINCE 1998
7 से 21 अप्रैल 2025
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate

# कपड़ा व्यवसाय में सफलता के लिए स्ट्रेटेजी बदलें -श्री तपन जैन

## उत्कृष्ट ग्राहक सेवा एवं आधुनिक तरीकों से करें व्यापार



**जयपुर/** मेन्स फैशन ब्राण्ड 'सियाराम' की अग्रणी एजेंसी 'तपन मार्केटिंग सर्विसेज' के युवा संचालक श्री तपन जैन ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'सियाराम सिल्क मिल्स' के सभी उत्पादों की राजस्थान में अच्छी बिक्री रही। हाल ही 17-20 मार्च 2025 को उदयपुर में सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें राजस्थान के रिटेल व्यापारियों ने जोश एवं उत्साह से भाग लिया तथा आगामी सीजन के लिए जमकर बुकिंग करवाई। श्री जैन ने कहा कि कॉन्फ्रेंस काफी शानदार रहीं, चार दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में हर दिन सुनियोजित प्लानिंग से व्यापारियों के लिए बिजनेस टाइमिंग के अलावा घूमने-फिरने, मौज-मस्ती एवं खानपान के विशेष इंतजाम किए, जिन्हें व्यापारियों ने खूब सराहा।

### रिटेलर्स अपने स्टोर्स को दें नया लुक बनाएं मॉर्डन लाइफ स्टाइल स्टोर

श्री तपन जैन ने कहा आजकल रिटेल व्यापारी कमजोर ग्राहकी को लेकर परेशान है। मेरा उनसे कहना है कि आज ग्राहक को आकर्षित करने के लिए ब्राण्डेड कपड़ों के अलावा अपने स्टोर को मॉडर्न लुक देना जरूरी हो गया है। मॉडर्न लाइफ स्टाइल की शैली का आपका स्टोर होना चाहिए। आपके स्टोर पर प्रेजेंटेशन अच्छा होना चाहिए। लाइटिंग, एसी, स्किल्ड सेल्स स्टाफ, टेलरिंग फैसिलिटी जैसी समस्त सुविधाएं होनी चाहिए। साथ ही फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक ब्राण्ड्स के कपड़ों की कम्पलीट रेंज आपके स्टोर पर होनी चाहिए। साथ ही प्रतिवर्ष अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए सभी संभव प्रयास करें। आज हर तरह की प्लानिंग के साथ जो रिटेलर्स अपने स्टोर का संचालन कर रहे हैं, उनके पास साधारण स्टोर के मुकाबले ज्यादा ग्राहकी रहती है। इसलिए मेरा सुझाव है कि रिटेलर्स को अपना व्यापार को मॉडर्न स्टाइल में करना चाहिए। डिजिटल क्रांति के इस दौर में सोशल मीडिया पर रिटेलर्स को अपनी ब्राण्डिंग करनी चाहिए, लक्षित ग्राहकों की जरूरतों और रूझान समझे। हर आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त कपड़ों का चयन करें। साथ ही ग्राहकों की प्रतिक्रिया पर ध्यान दें और अपनी-अपनी पेशकशों को उनके अनुसार अनुकूलित करें। उच्च गुणवत्ता वाले कपड़ों एवं एसेसरीज का चयन करें, जो फैशनेबल, टिकाऊ और आरामदायक हो।

### होलसेल व्यापारी भी दें ध्यान

होलसेल ट्रेडर्स से कहना चाहूँगा कि हर सीजन से पहले योजना बनाकर फैशनेबल एवं स्टाइलिश कपड़ा बनाने वाले ब्राण्ड्स के कपड़ों की खरीदी करें। हर सीजन में अपने संस्थान पर नवीन स्टॉक रखें, जिससे रिटेलर्स को भरपूर विकल्प उपलब्ध कराये जा सके। इसके अलावा हर परिस्थिति में धैर्य बनाए रखे। रिटेलर्स को समय-समय पर मिलों द्वारा दी जाने वाली स्कीम्स की बराबर जानकारी प्रदान करें तथा हर सीजन में नया माल खरीदने की प्लानिंग ले। इसके लिए समय-समय पर मिलों द्वारा आयोजित सेल्स कॉन्फ्रेंसेज में भाग ले तथा रिटेलर्स को भी कॉन्फ्रेंस विजिट करवाएं, जिससे ब्राण्ड्स द्वारा किए जा रहे नवाचारों से आप अवगत हो सके तथा टेक्नीकली आपके द्वारा बिक्री किए जा रहे कपड़े की खासियत क्या है, वो भी समझ एवं समझा सकें। इसके अलावा मैं रिटेलर्स एवं होलसेलर्स को कहना चाहूँगा की सप्लायर्स को पेमेंट समय पर करने की कोशिश करे, बिजनेस का पैसा बिजनेस को एक्सपोंड करने के लिए लगाएं, तभी हमारी सफलता स्थायी होगी।

### उत्कृष्ट ग्राहक सेवा

स्टोर पर आने वाले ग्राहक को सकारात्मक एवं यादगार अनुभव प्रदान करें। अपने कपड़ा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अपने व्यापार को नवीन एवं प्रासंगिक रखें, जिससे आपके संस्थान से जुड़ा हर ग्राहक उसे जब कपड़ों की खरीदी करनी होगी, तब जरूर आपके स्टोर पर विजिट करेगा।



# चिनार फैब्रिक्स ने नए जोश के साथ भरी ऊँची उड़ान

## जिम कॉर्बेट कॉन्फ्रेंस रही शानदार : शर्टिंग एवं पीस पैकिंग की पूरी रेंज उतारी बाजार में

भिवानी/ देश की अग्रणी टेक्सटाइल मिल 'चिनार फैब्रिक्स' ने रामनगर के होटल जिम कॉर्बेट में रिटेल एवं होलसेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत शुभारम्भ 'चिनार फैब्रिक्स' के प्रबन्ध निदेशक श्री पी. डी. अग्रवाल व चिनार परिवार के रिटेल एवं डीलर्स व्यापारियों की उपस्थिति में गणेश आरती के साथ किया। इस अवसर पर श्री पी. डी. अग्रवाल ने बताया कि 'चिनार फैब्रिक्स' देश का बेहतरीन ब्राण्ड है, जो आज अपने-आप में एक पहचान बन चुका है। इस सफलता की पीछे हमारे डीलर्स, एजेंट्स व रिटेलर्स के साथ-साथ हमारे हौसले बुलन्द मार्केटिंग टीम का हाथ रहा है जो सभी बधाई के पात्र है। इस अवसर पर नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 'चिनार फैब्रिक्स' ने शर्टिंग की पूरी रेंज कपड़ा बाजार में उतारकर धमाल मचा दिया है।





### चिनार फैब्रिक्स की इम्पोर्टेड कोरियन फैब्रिक्स व्यापारियों को आई पसंद

'चिनार फैब्रिक्स' के डायरेक्टर श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने बताया कि 'चिनार फैब्रिक्स' द्वारा निर्मित कोरियन फैब्रिक्स भारतीय कपड़ा बाजार में बहुत पसंद की जा रही है, जिसकी हमें बहुत ज्यादा डिमाण्ड प्राप्त हो रही है। कॉन्फ्रेंस में इम्पोर्टेड टीआर, कोरियन फैब्रिक्स, लचका, जैफरी रोजर, प्लेटिनियम क्लब, वूल कुर्ता, कॉटन, लिनन कॉटन व पीसी में 58 " शर्टिंग तथा रेग्युलर डिजाइन की क्वालिटियों की विस्तृत रेंज की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर 'चिनार फैब्रिक्स' के डायरेक्टर श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने बताया कि 'चिनार फैब्रिक्स' द्वारा सूटिंग-शर्टिंग की पूरी रेंज को बाजार में उतारकर फैशन की दुनिया में एक बहुत अच्छी पहल है। उन्होनें बताया कि लॉन्चिंग के समय ही हमे देश के सभी व्यापारियों ने अत्यधिक बुकिंग देकर जो हौसला बढ़ाया है ,उसके लिए चिनार परिवार आभारी रहेगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि जिस तरह से हमें सूटिंग-शर्टिंग के लॉन्च करते ही जो बुकिंग मिल रही है, उससे हमें लगता है कि आने वाले समय में सूटिंग-शर्टिंग के उत्पाद को दोगुणा करना पड़ेगा। देश के व्यापारियों से जो सहयोग एवं बुकिंग मिल रही है, उससे चिनार परिवार के हौसले बुलन्द है और आने वाले सीजन के लिए और भी अच्छे-अच्छे डिजाइन बेहतरीन क्वालिटियों में बाजार में प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

### जिम कॉर्बेट कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने लिया भरपूर आनंद

जिम कॉर्बेट में 'चिनार फैब्रिक्स' के उत्तर भारत के व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कॉन्फ्रेंस की तारीफ करते हुए बताया कि इन पलों को भुलाया नहीं जा सकता। इस तरह की पहल को व्यापारियों ने खूब सराह और अपने-अपने विचार रखें।

### चिनार फैब्रिक्स के पैकेजिंग की बढ़ी मांग



चिनार फैब्रिक्स के मार्केटिंग अध्यक्ष श्री दीपक अग्रवाल ने बताया कि चिनार फैब्रिक्स की पैकेजिंग क्वालिटी अपने-आप में उच्च स्तर पर स्थान रखती है। चिनार फैब्रिक्स की पैकेजिंग की बॉक्स डिजाइन तथा उसमें प्रयोग होने वाले फैब्रिक्स पर विशेष ध्यान दिया जाता है। चिनार फैब्रिक्स की पैकेजिंग की मांग पूरे भारत के कपड़ा बाजार में की जा रही है, जो कि उच्चतम गुणवत्ता स्तर की बनी हुई है। शादी-विवाह तथा लग्न इत्यादि में चिनार फैब्रिक्स की पैकेजिंग बाजार में नाम से मांगी जाती है। चिनार फैब्रिक्स के पास मांग के ज्यादा डिमाण्ड होने के कारण दिन-रात कार्य में लगे हुए है, ताकि चिनार फैब्रिक्स के डीलर्स की मांग समय पर पूरी हो जाए। श्री अग्रवाल ने आगे बताया कि आग के छोटे से हादसे के उपरान्त हमने फिर से हमारा उत्पादन उसी मुकाम पर ला खड़ा किया है।




चिनार फैब्रिक्स परिवार के सभी सदस्यों को रामनवमी वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता है। इस अवसर पर चिनार फैब्रिक्स के प्रबंधक निदेशक श्री पुरूषोत्तमदास अग्रवाल ने बताया कि चिनार परिवार पर श्रीराम की असीम कृपा है। हमारे साथ आग का हादसा होने के उपरांत हमें कतई पता ही नहीं चला कि हमने एक माह में फिर से कपड़ा बाजार में उसी रूटीन में कार्य करना आरंभ कर दिया है। यह सब प्रभु की लीला है। मैं चिनार परिवार की तरफ से सभी एजेंट्स, डीलर्स, रिटेलर्स, स्टाफ एवं देशवासियों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

### श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने जताया व्यापारियों का आभार



कॉन्फ्रेंस के समापन्न के दौरान श्री उज्जवल अग्रवाल ने व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि चिनार परिवार ने आपके अथक प्रयास एवं मेहनत से हताश होने के उपरान्त भी निरंतर आगे बढ़ रहा है और हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि 'चिनार फैब्रिक्स' आपके लिए अच्छे-अच्छे डिजाइन समय-समय पर लॉन्च करते रहेंगे ताकि बाजार में आप बदलते हुए फैशन के अनुसार अपनी पकड़ मजबूत बनाये रखे और यह तभी सम्भव हो पायेगा जब आपका सहयोग बराबर मिलता रहेगा। 'चिनार फैब्रिक्स' की रामनगर कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने के लिए जो हमें सहयोग दिया उसके लिए चिनार परिवार सदैव आपका आभारी रहेगा। मार्केटिंग के मैनेजर श्री दीपक अग्रवाल ने कॉन्फ्रेंस में पधारे सभी डीलर्स, एजेंट्स, व्यापारियों तथा चिनार परिवार की मार्केटिंग टीम को रामनगर कॉन्फ्रेंस की सफलता की बधाई देते हुए आने वाले सीजन में अधिक से अधिक सेल कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का संकल्प लिया तथा सबको धन्यवाद किया।

### विषम परिस्थितियों में साथ देने के लिए कम्पनी सभी एजेंट्स, डीलर्स एवं स्टाफ की शुक्रगुजार





चिनार फैब्रिक्स के प्रबंध निदेशक ने चिनार फैब्रिक्स के सभी एजेंट्स के सुझाव का सम्मान करते हुए बताया कि एजेंट चिनार फैब्रिक्स की रीढ़ की हड्डी की तरह काम कर रहा है। इनके बगैर हम किसी भी योजना की सफलता की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। चिनार फैब्रिक्स के एजेंट्स का हम दिल से शुक्रिया अदा करते हैं कि चिनार फैब्रिक्स में आग का हादसा होने पर सभी एजेंट्स हमारे साथ जुड़े रहे तथा अपने डीलर्स को साथ जोड़े रखा और उनके अथक प्रयास तथा हमारे सभी स्टाफ की कड़ी मेहनत से चिनार फैब्रिक्स को बाजार में एक माह में उसी मुकाम पर ला खड़ा किया। इन सबके लिए चिनार परिवार सदैव आभारी रहेगा।

### आगामी सीजन के लिए बनाई प्लानिंग

'चिनार फैब्रिक्स' ने आने वाले सीजन के लिए बेहतरीन डिजाइन बाजार में उतारने का निर्णय लिया है। जिसमें नये लुक में इम्पोर्टिड टीआर फैब्रिक्स को रिटेल व्यापारियों ने बहुत सराया है। श्री अग्रवाल ने बताया कि 'चिनार फैब्रिक्स' के सभी डिजाइंस अपने-आप में बेहतरीन लेकिन कुछ डिजाइन बाजार में धमाल मचाये हुए है। आने वाले सीजन के लिए एडवांस प्लानिंग एवं कॉन्फ्रेंसेज आयोजित करने का निर्णय लिया है।




### नये वित्तीय वर्ष हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित


चिनार फैब्रिक्स नववर्ष 2025-26 की शुरूआत एक धमाकेदार स्कीम के साथ कर रहा है। नया वर्ष 2025-26 आपके लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आए और आपका व्यापार दिन दुगुनी-रात चौगुनी उन्नति की ओर अग्रसर रहें। आप पिछले वर्ष की अपेक्षा और भी अधिक सफलता की बुलंदियों को छूते रहें, यहीं हमारी कामना है।



**धूमधाम से मनाया होली उत्सव...** 'चिनार फैब्रिक्स' ने होली उत्सव पर चिनार परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी। 'चिनार फैब्रिक्स' के प्रांगण में चिनार परिवार के सभी सदस्यों ने होली उत्सव का लुत्फ उठाते हुए एक-दूसरे को रंग लगाकर त्योहार का आनन्द उठाया और मंगल कामना की कि 'चिनार फैब्रिक्स' दिन दोगुणी, रात चौगुणी उन्नति की ओर अग्रसर रहे।




चिनार फैब्रिक्स ने रिटेलर्स के सुझाव को ध्यान में रखते हुए नई विदेश यात्रा स्कीम बहुत ही किफायती खरीद पर बाजार में लॉन्च की है, जिसकी डिटेल आप अपने क्षेत्र के होलसेल व्यापारी से सम्पर्क कर स्कीम का भरपूर लाभ उठा सकते हैं। कम्पनी ने आपके लिए 1 अप्रैल 2025 से 31 जुलाई 2025 तक की खरीद पर धमाकेदार स्कीम पेश की है। स्कीम के तहत 2,49,000 रूपये की खरीदी पर काठमांडू की यात्रा का मौका मिल रहा है, जिसमें एक व्यक्ति के लिए 3 रात्रि एवं 4 दिन का ट्रिप एक्स दिल्ली बाइ एयर होगा।


FOR YOUR PURCHASE
Thank you
CUSTOMERS
AND FOR SUPPORTING US
FY 2024-25
Fabcott India
CLOTHING LLP
NEW DELHI
18 Years
1400 Customers
4 Brands
6 States
ASSOCIATE BRANDS
SÖKTAŞ
BURGOYNE
SIMONE
FEDERICO & FIGLI-BIELLA
BODRUM
9650822200
@fabcottindia
/fabcottindia

## टेक्सटाइल व्यवसाय में अग्रणी मार्केटिंग फर्म

# मुकेश एजेंसी


श्री मुकेश पारीक


श्री अनमोल पारीक

**जयपुर/** मल्टी वैरायटी टेक्सटाइल उत्पादों की मार्केटिंग में अग्रणी मार्केटिंग फर्म 'मुकेश एजेंसी' राजस्थान के टेक्सटाइल व्यवसाय में जाना माना नाम है। ऑल टाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक्स, फैंसी सूटिंग-शर्टिंग, वूलन फैब्रिक्स ब्लेंकेट एवं फर्निशिंग क्लॉथ जैसे टेक्सटाइल उत्पादों की सप्लाई में प्रमुख यह एजेंसी अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए प्रसिद्ध है। एजेंसी का संचालन अनुभवी टेक्सटाइल एजेंट श्री मुकेश पारीक कर रहे हैं, साथ में इनके युवा सुपुत्र श्री अनमोल पारीक भी एजेंसी के काम में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन्होंने सुनियोजित मार्केटिंग स्ट्रेटेजी एवं मधुर व्यवहार से कपड़ा व्यवसाय में अहम पहचान कायम की है।

श्री मुकेश पारीक टेक्सटाइल व्यवसाय के साथ-साथ समाज सेवा एवं राजनीतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। मिलनसार एवं हँसमुख व्यक्तित्व के धनी श्री मुकेश पारीक ने ईमानदारी एवं मेहनत से वस्त्र व्यापार में साफ-सुथरी छवि बना रखी है। स्थानीय मण्डी ही नहीं अपितु राष्ट्रीय स्तर पर भी इनके व्यावसायिक कौशल एवं बुद्धिमता से मुकेश एजेंसी की सप्लायर मण्डियों में भी अच्छी पहचान है। श्री पारीक ने कहा कि व्यापार में ईमानदारी एवं सर्विस अहम् होती है। सप्लायर को अच्छे व्यापारी से जोड़ना हमारी एजेंसी की शुरू से ही प्राथमिकता रही है।

### ऑल टाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक्स, वूलन एवं फर्निशिंग क्लॉथ की प्रमुख सप्लायर एजेंसी

मुकेश एजेंसी के अंतर्गत यूनिफॉर्म फैब्रिक्स में राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात एस. कुमार्स, क्यूमैक्स, मोडेला, स्टेनरोज मफतलाल, ग्रेवियरा आदि ब्राण्ड्स का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। साथ ही वूलन ब्लेंकेट्स की निर्माता कम्पनी प्रकाश वूलन मिल्स तथा फर्निशिंग ब्राण्ड नीलकमल के बेहतरीन उत्पादों की सप्लाई करवाई जा रही है। श्री पारीक के अनुसार सभी ब्राण्ड्स अपने-अपने सेगमेंट में फुल रेंज उपलब्ध करवाने वाले ब्राण्ड्स हैं, जो वर्ष पर्यन्त नये-नये डवलपमेण्ट पेश करते रहते हैं।

### प्रभावी मार्केटिंग एवं फास्ट सर्विस जरूरी

श्री मुकेश पारीक ने कहा कि आज के समय में कपड़ा बेचने के लिए मेहनत बढ़ गई है। जिसकी सेवाएं प्रोम्प्ट एवं काम व्यवस्थित है, वही व्यापारी कपड़ा व्यवसाय में प्रगति कर रहा है। व्यापारी अब बहुत ज्यादा स्टॉक मेंटेन करने की बजाए जरूरत के अनुसार खरीदी करने लगे हैं, ऐसे में मार्केटिंग एजेंसीज की एक्सरसाइज बढ़ गई है। इसलिए अपनी सेवाएं संतोषप्रद एवं समयबद्ध काम जरूरी हो गया है।

### राजनीति एवं समाज सेवा में सक्रिय

श्री मुकेश पारीक ने अपनी ईमानदारी एवं पारदर्शी छवि से न सिर्फ कपड़ा व्यापार अपितु राजनीति एवं समाज सेवा में भी नाम कमाया है। श्री पारीक इस समय राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय प्रभारी पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं भारतीय कपड़ा व्यापार महासंघ में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, फोर्टी में सचिव एवं राजस्थान कपड़ा व्यापार संघ में महासचिव पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

MUKESH AGENCY
Textile Representative
S.Kumars The Fabric of India Since 1948
modella Since 1965
Qmax WORLD SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY # NO.1 UNIFORM FABRIC MANUFACTURER
STANROSE MAFATLAL FINE FABRICS
GRAVIERA
pwm Blanket
Neel Kamal Furnishings
OFFICE:- Purohit Ji Ka Katla, Johari Bazar, JAIPUR-302 003, Tel. 0141-2575454
ANMOL PAREEK 97829 03720, Email:- mukeshagency@hotmail.com

## ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग के प्रमुख होलसेलर

# लॉर्ड कृष्णा फैब्स

### रेमण्ड सूटिंग-शर्टिंग के अधिकृत होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर


श्री मनीष बंका

**जयपुर/** ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग के होलसेल व्यवसाय में अग्रणी संस्थान 'लॉर्ड कृष्णा फैब्स' मेन्स फैशन के लिए समर्पित संस्थान है। अनुभवी एवं युवा वस्त्र व्यापारी श्री मनीष बंका द्वारा संचालित इस संस्थान द्वारा प्रीमियम मेन्स फैशन फैब्रिक्स की वाजिब दरों में सप्लाई की जा रही है। इनकी कुशल मार्केटिंग स्ट्रेटेजी एवं मॉडर्न लाइफ स्टाइल फैब्रिक्स की भरपूर उपलब्धता के चलते 'लॉर्ड कृष्णा फैब्स' पूरे राजस्थान में अच्छी पहचान रखता है। श्री मनीष बंका के अनुसार संस्थान पर इस समय विश्व प्रसिद्ध मेन्स वियर ब्राण्ड 'रेमण्ड' सूटिंग-शर्टिंग का काम बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इसके अलावा प्रीमियम गीजा कॉटन शर्टिंग ब्राण्ड टेसुटी एवं भरूच के प्रीमियम फैब्रिक्स की भी सप्लाई की जा रही है।

Raymond FINE FABRICS
TESSUTI sign of quality World's Finest Premium Cotton
BARUCHE SUPERFINE COTTONS

**प्रीमियम मेन्स फैशन फैब्रिक ब्राण्ड्स...** श्री मनीष बंका अपने संस्थान लॉर्ड कृष्णा फैब्स पर शुरूआत से ही ब्राण्डेड फैब्रिक्स के काम को ही प्राथमिकता देते आये है। आज ये अपने मजबूत रिटेल चैनल में रेमण्ड के पोलीवूल एवं टीआर सूटिंग्स सहित रेमण्ड, लिनन तथा शर्टिंग फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रहे हैं। श्री बंका ने कहा कि हमारे संस्थान पर रेमण्ड की सभी हिट रेंज एवं शर्टिंग में भरपूर रेंज हमेशा उपलब्ध रहती है। इसी तरह मेन्स फैशन की दुनिया में प्रसिद्ध प्रीमियम कॉटन ब्राण्ड टेसुटी तथा भरूच ब्राण्ड के शर्टिंग फैब्रिक्स की सप्लाई अपने सेल्स नेटवर्क में कर रहे हैं।

Authorised Wholesale Distributor
LORD KRISHNA FABS
Office: 206, 2nd Floor, Swarn Bhumi Complex
Dara Market, Johari Bazar, JAIPUR
Ph.- 0141-2567274, Mobile: 9314500263
E-mail: mb3rnt@rediffmail .com

## सूटिंग-शर्टिंग के प्रतिष्ठित थोक विक्रेता

# आर. डी. टेक्सटाइल • सालासर मार्केटिंग


श्री सीताराम गोयल

**जयपुर/** मेन्स फैशन फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में संस्थान 'आर. डी. टेक्सटाइल एवं सालासर मार्केटिंग' फैशनेबल एवं ट्रेंडी सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स के फैब्रिक्स की सप्लाई के लिए पूरे राजस्थान में मशहूर है। अनुभवी वस्त्र व्यापारी श्री सीताराम गोयल द्वारा संचालित इन संस्थानों द्वारा मेन्स वियर सेक्टर के लिए नित नए डवलपमेण्ट करने वाले डोनियर, सियाराम, इटेलियन चैनल आदि ब्राण्ड्स के कपड़े की आपूर्ति की जा रही है। श्री गोयल ने कहा कि डोनियर ब्राण्ड की ओर से पेश नये कलेक्शन Neo-Strech 4 way लाइक्रा की इस समय अच्छी मांग है। स्टाइलिश एवं आरामदायक होने के कारण इस रेंज को बाजार में खूब पसंद किया जा रहा है। इसी तरह सियाराम सूटिंग-शर्टिंग का भी बाजार में सेलिंग ग्रोथ लगातार बढ़ रहा है। हमने अपने संस्थान पर इसी साल सियाराम का काम नया एड किया है।


R.D. TEXTILES
SALASAR MARKETING
Wholesale Dealer
DONEAR SUITINGS • SHIRTINGS • COTTONS
come home to Siyaram's
Shop No.: 2083, Badri Nath Ji Ka Chowk
Khazane Walon Ka Rasta, JAIPUR, Tel.: 0141-2311171
Mobile: 93142 35475, E-mail: ankittexjpr@gmail.com

### ब्राण्डेड फैब्रिक्स की अच्छी मांग

श्री गोयल ने कहा कि बाजार में ब्राण्डेड मिलों का मार्केट शेयर बढ़ रहा है। रिटेलर्स अब अच्छी क्वालिटी के फैशनेबल ब्राण्ड्स के कपड़े की मांग करता है। फैंसी टीआर सूटिंग्स में नये कलर्स एवं डिजाइंस को काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं कुर्ता-पायजामा, जैकेट्स, इण्डो-वेस्टर्न आदि परिधानों का प्रचलन बढ़ने से एथनिक फैब्रिक्स की बिक्री पिछले चार-पाँच साल से जोरों पर है। इस समय वेडिंग सीजन की ग्राहकी अंतिम चरण में है, परंतु अब समर सीजन के चलते कॉटन फैब्रिक्स की मांग अच्छी रहने की सम्भावना है।

## मल्टी टाइप फैशन फैब्रिक्स की आपूर्ति में अग्रणी एजेंसी

# इण्डो एशिया मार्केटिंग


श्री रितेश अग्रवाल

जयपुर/ रेडीमेड गारमेंट सेक्टर के लिए फैब्रिक सोर्सिंग के कार्य में संलग्न **इंडो एशिया मार्केटिंग** जयपुर मंडी की प्रमुख एजेंसी फर्म है। जिसका संचालन युवा एजेंट श्री रितेश अग्रवाल कर रहे हैं। एजेंसी देश की समस्त कपड़ा उत्पादक मंडियों के क्वालिटी फैब्रिक निर्माताओं से डायरेक्ट कनेक्ट है तथा जयपुर के टॉप गारमेंट ब्रांड्स को फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक की आपूर्ति कर रही है। श्री रितेश अग्रवाल ने कहा कि जयपुर में मेन्स वियर सेगमेंट में शर्ट्स, ट्राउजर, फॉर्मल पेंट, कुर्ता-पायजामा, ब्लेजर, मेन्स सूट, इण्डो-वेस्टर्न, लोअर, टी-शर्ट्स आदि अपेरल्स का उत्पादन हो रहा है। वहीं लेडीज गारमेण्ट्स की बात करे तो जयपुर कुर्तीज के उत्पादन में हब बनता जा रहा है। हमारी एजेंसी उक्त सभी गारमेण्ट्स के लिए मल्टी टाइप फैशन फैब्रिक्स की सप्लाई में अहम भूमिका निभा रही है।

**गारमेण्ट सेक्टर में प्रीमियम फैब्रिक्स की आपूर्ति...** श्री रितेश अग्रवाल ने बताया कि जयपुर में रेडीमेड गारमेण्ट्स का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। यहाँ पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रेडीमेड परिधानों का व्यवसाय वृहत्त आकार ले चुका है। उन्होंने कहा कि हम अपनी एजेंसीज के तहत अहमदाबाद, मुम्बई, भीलवाड़ा, सूरत आदि मण्डियों के टॉप निर्माताओं के फैब्रिक्स की आपूर्ति जयपुर मण्डी के बड़े अपेरल ब्राण्ड्स को करवा रहे हैं। मेन्स वियर के लिए कॉटन सूटिंग-शर्टिंग, ब्लेंडेड फैब्रिक्स, इम्पोर्टेड एवं एथनिक फैब्रिक्स तथा वूमेन्स वियर के लिए रेयॉन एवं कॉटन प्रिंटेड फैब्रिक्स की बड़े स्तर पर आपूर्ति कर रहे हैं।

Leading Marketing Agency
In Garment Fabric Sector
SS
INDO ASIA MARKETING
Fabric Sourcing Agency
DEALS IN Suiting-Shirting, Garment Fabrics, Ethnic Fabrics
Knitted Fabrics, Dress Materials & Many More...

OFFICE: 2280, Mangalam Complex, 2nd Floor, Devdas Ki Bagichi
Khazane Walon Ka Rasta, Chandpole Bazar, Jaipur Ph.: 0141-3130021
RITESH AGARWAL
93144 41499

# जय श्री सिन्टेक्स

## यूनिफॉर्म फैब्रिक के होलसेल डीलर


श्री जितेंद्र गुप्ता

**जयपुर/** यूनिफॉर्म फैब्रिक की होलसेल आपूर्ति में प्रमुख संस्थान 'जय श्री सिन्टेक्स' की शुरूआत वर्ष 2018 में श्री जितेंद्र गुप्ता ने की थी। अपने मधुर व्यवहार एवं मेहनत से श्री जितेंद्र गुप्ता ने अल्प समय में अपने संस्थान को स्थानीय मण्डी में प्रमुख यूनिफॉर्म फैब्रिक ट्रेडर के रूप में पहचान दिलाई। व्यावसायिक सफर के शुरूआती दौर में चुनौतियों का सामना करते हुए इन्होंने अपने संस्थान पर देश के प्रमुख यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्राण्ड्स के कपड़े की उपलब्धता सुनिश्चित की। श्री जितेंद्र गुप्ता ने चर्चा के दौरान बताया कि जयपुर मण्डी के रेडीमेड यूनिफॉर्म निर्माताओं को उनकी जरूरत के अनुसार ब्राण्डेड यूनिफॉर्म फैब्रिक किफायती दरों में उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ कपड़ा व्यवसाय में प्रवेश किया था। आज हमारे संस्थान पर यूनिफॉर्म फैब्रिक में भरपूर रेंज रखी जाती है तथा व्यापारियों को वाजिब दरों में आपूर्ति की जा रही है।

**ऑल टाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई...** संस्थान 'जय श्री सिन्टेक्स' द्वारा स्कूल, कॉलेज, होटल, हॉस्पिटल, कॉर्पोरेट आदि सभी तरह की यूनिफॉर्म के लिए फैब्रिक सप्लाई किया जा रहा है। श्री जितेंद्र गुप्ता के अनुसार यूनिफॉर्म जगत के टॉप फैब्रिक ब्राण्ड स्पर्श फैब, मफतलाल, क्यू मैक्स, वालजी, बी जे आदि का संस्थान पर भरपूर काम होता है।

JAI SHREE SYNTEX
WHOLESALE DEALER

All Type Of UNIFORM Destination
JITENDRA GUPTA- 9950747274
F-1, First Floor, Bakshi Chamber, Mahandi Ka Chowk
Ramganj Bazar, Jaipur - 302001 (Raj.)

## यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के प्रमुख होलसेल ट्रेडर

# गुरुकृपा टेक्सटाइल


श्री विजय वर्मा

**जयपुर/** यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के थोक कारोबार में संलग्न फर्म 'गुरुकृपा टेक्सटाइल' ने अल्प समय में राजस्थान के यूनिफॉर्म बाजार में मजबूत पकड़ बनाई है। यूनिफॉर्म सेक्टर के गहरे अनुभवी व्यापारी श्री विजय वर्मा द्वारा संचालित 'गुरुकृपा टेक्सटाइल' यूनिफॉर्म जगत में उपयोगी सभी प्रकार के क्वालिटी यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की आपूर्ति वाजिब दरों में की जा रही है। जयपुर मण्डी में क्वालिटी यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की समय पर आपूर्ति के अपने फॉर्मुले से श्री वर्मा रेडीमेड यूनिफॉर्म गारमेंटर्स के मन में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। अपने व्यावसायिक जीवन की शुरूआत इन्होंने बतौर एजेंट की थी, जयपुर मण्डी में यूनिफॉर्म के कारोबार को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने में इनका अहम योगदान माना जाता है। ये अभी अपने गहरे अनुभव एवं उम्दा कार्यशैली से यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के होलसेल ट्रेडर के रूप में सफलतम पारी खेल रहे हैं।

**यूनिफॉर्म फैब्रिक वैरायटीज...** गुरूकृपा टेक्सटाइल पर यूनिफॉर्म सेक्टर में चलने वाली सभी फैब्रिक वैरायटीज का भरपूर स्टॉक मेण्टेन किया जाता है। श्री वर्मा ने बताया कि संस्थान पर प्लेन, चैक्स, स्ट्राइप्स सूटिंग में विस्तृत रेंज सहित 2/18 मेटी, 2/30×2/30 ट्रॉविन (फाइबर डाइड एवं पीस डाइड) गेवरडिन, ताशा, वूलन आदि सूटिंग यूनिफॉर्म फैब्रिक्स सहित शर्टिंग में स्पन, पीसी, चेम्बरे आदि फैब्रिक वैरायटीज में भरपूर रेंज रखी जाती है। श्री वर्मा ने वर्तमान में जारी यूनिफॉर्म सीजन की बहुत अच्छी तैयारी की है। रेग्युलर चलने वाले सभी कलर्स एवं डिजाइनर यूनिफॉर्म फैब्रिक्स अच्छी मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है।

**सभी सेक्टर के लिए यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई...** श्री वर्मा के अनुसार गुरूकृपा टेक्सटाइल पर स्कूल, कॉलेज, इंस्टीट्यूशंस, कॉर्पोरेट, सरकारी एवं गैर सरकारी, होटल, हॉस्पिटल, सिक्योरिटी जैसे हर क्षेत्र के लिए यूनिफॉर्म फैब्रिक्स वाजिब दरों में उपलब्ध है।

**सीजन की अच्छी शुरूआत...** श्री विजय वर्मा ने कहा कि जनवरी-फरवरी में छिटपुट ऑर्डर्स के साथ शुरू हुए इस साल के सीजन से अच्छी उम्मीद है। अप्रैल माह के प्रथम पखवाड़े में अब बड़े ऑर्डर्स आने शुरू हुए है, जो जुन-जुलाई तक जारी रहने की उम्मीद है।



GURUKRIPA TEXTILE
All Type of Uniform Fabrics Stockist
SCHOOL UNIFORM
COLLEGE UNIFORM
CORPORATE UNIFORM
GOVT. UNIFORM
HOTEL UNIFORM
HOSPITAL UNIFORM
SECURITY UNIFORM
Best Quality | Widest Range
Full Stock | On Time Delivery
VIJAY VARMA- 93145 15261
Off.: Ground Floor, Vijaylaxmi Premium, Opp. PNB ATM, Sikar House, JAIPUR
Mob.: 95097 29443 | E-mail: vijayverma5261@gmail.com

# डोनियर सूटिंग-शर्टिंग की प्रमुख मार्केटिंग फर्म आशीष एजेंसीज

## नित नए डवलपमेण्ट 'डोनियर' की पहचान -श्री अनीष माथुर



जयपुर/ मेन्स फैशन की दुनिया में प्रसिद्ध मेन्स वियर ब्राण्ड 'डोनियर' के फैशन फैब्रिक्स की राजस्थान में सप्लाई के लिए अधिकृत मार्केटिंग फर्म 'आशीष एजेंसीज' जयपुर में संचालित एक प्रतिष्ठित एजेंसी संस्थान है। प्रसिद्ध टेक्सटाइल एजेंट स्व. श्री प्रदीप माथुर द्वारा स्थापित 'आशीष एजेंसी' विगत 3 दशक से 'डोनियर' के फैब्रिक्स उत्पादों की सप्लाई करवा रही है। राजस्थान में डोनियर की कस्बाई लेवल तक पहुँच सुनिश्चित करने में श्री माथुर का अहम योगदान रहा है। अब एजेंसी का संचालन श्री माथुर के युवा सुपुत्र श्री अनीष माथुर कर रहे हैं। ये विगत एक दशक से अपने पिताजी के साथ एजेंसी के कामकाज में संलग्न है। श्री अनीष माथुर ने कहा कि मेन्स फैशन कैटेगरी में 'डोनियर' का रूतबा बरकरार है। कपड़ा बाजार में बढ़त के साथ हमने प्रतिवर्ष इसके फैब्रिक की बिक्री में ग्रोथ दर्ज की है। नित नए डवलपमेण्ट एवं इनोवेशन के दम पर 'डोनियर' ने सदैव फैशन के साथ क्वालिटी को प्रमुखता दी है, जिसके चलते राजस्थान में 'डोनियर' बिक्री में अग्रणी पायदान पर है। होलसेल एवं रिटेल व्यापारियों के लिए सेल्स प्रोमोशन स्कीम्स देने में भी 'डोनियर' हमेशा आगे रहता है और व्यापारी भी इनकी स्कीम्स का भरपूर लाभ उठाते हैं। जिसमें डोनियर इण्डस्ट्रीज लि. का अपने व्यापारियों से मजबूत एवं स्थाई संबंध स्थापित हो चुके हैं।

### मेन्स फैशन के लिए बेस्ट चॉइस

श्री अनीष माथुर ने कहा कि 'डोनियर' हर सीजन के लिए नित नए डवलपमेण्ट करने वाला ब्राण्ड है, जो वेडिंग, फेस्टिव, समर, विण्टर जैसे सभी सीजंस के लिए भरपूर रेंज ऑफर करता है। फैंसी सूटिंग-शर्टिंग में पीवी, टीआर, कॉटन सूटिंग्स सहित शर्टिंग में फैंसी, कॉटन, पीसी फैब्रिक में आकर्षक डिजाइनर कलेक्शन हमेशा चर्चा में रहता है। अभी डोनियर ने समर सीजन के लिए कॉटन एवं लिनन में नये डवलपमेण्ट पेश किए हैं, जिसकी बाजार से अच्छी बुकिंग प्राप्त हो रही है।

### NEO-STRETCH - FREEDOM to MOVE

डोनियर ग्रुप ने मेन्स फैशन के लिए NEO-STRETCH फैब्रिक्स के रूप में आरामदायक एवं फैशनेबल फैब्रिक्स दिया था। यह फॉर वे लाइक्रा फैब्रिक्स है, जिसके कलर्स एवं डिजाइंस युवा वर्ग को ध्यान में रखकर डवलप किये जाते हैं। इस समय NEO-STRETCH रेंज काफी पोपुलर है तथा मार्केट में इसका जबरदस्त क्रेज है।




DONEAR®
SUITINGS • SHIRTINGS • COTTONS

Authorised Agent
ASHISH AGENCIES
OFFICE: UNIT 302, 3RD FLOOR, PRECIOUS MALL
MOTI DOONGARI ROAD, JAIPUR-04
Mob.: 98292 82244, 77371 40000

Wholesale Dealers In Jaipur
AGARWAL SYNTEX- 0141-2295811, 9413115142 | SALASAR MARKETING- 9314235475, 9928035775
BABU LAL SURESH KUMAR JAIN- 9314665773 | SHREE RAGHAV TEXTILES-0141-2575669, 9413564308


### बाली स्कीम को मिला शानदार रिस्पॉन्स

श्री माथुर के अनुसार 'डोनियर' द्वारा प्रदत्त विदेश यात्रा स्कीम बाली भ्रमण को व्यापारियों ने खूब पसंद किया। स्कीम के तहत व्यापारियों ने खूब माल खरीदा, जिसके तहत राजस्थान से बड़ी संख्या में व्यापारी बाली की यात्रा करने वाले हैं।

### अब PD कॉन्फ्रेंस का आयोजन श्रीनगर में

श्री माथुर ने कहा कि मई माह में 'डोनियर' की ओर से श्रीनगर (कश्मीर) में PD कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के डीलर्स भी शिरकत करेंगे। पिछले साल नवंबर माह में हैदराबाद में आयोजित PD डीलर कॉन्फ्रेंस काफी सक्सेसफुल रही थी, जिसमें राजस्थान के व्यापारियों ने जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया था।


Ramesh Textile Kr. & Brothers
Leading Wholesale Distributors of Branded Suitings & Shirtings
GRADO LUXURY FABRICS & APPARELS | LINEN CLUB PASSIONATE LIKE YOU | Reid & Taylor BOND WITH THE BEST | PEE GEE FABRICS PEHNO GARV SE
Divine Touch | INFINITO LUXURY FABRICS | Linen Laura AVIRIHYA MILLS (INDIA) GROUP | Empitex EXCLUSIVE SHIRTINGS
SURESH KUMAR JAIN- 94140 73335
RAMESH KUMAR JAIN- 95496 56464
NAKUL JAIN- 86190 04117
1st Floor, Purohitji ki Haveli, Purohitji Ka Katla, Johari Bazar, Jaipur
Tel. 0141-4016335, Email: rkbjaipur@rediffmail.com


# मेन्स फैशन फैब्रिक्स के प्रतिष्ठित होलसेलर अग्रवाल सिन्टेक्स



श्री महेन्द्र कुमार जैन



श्री हिमांशु जैन

जयपुर/ ब्राण्डेड मेन्स वियर फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में अग्रणी संस्थान 'अग्रवाल सिन्टेक्स' द्वारा विगत तीन दशक से राजस्थान के रिटेल व्यापारियों को ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग की आपूर्ति वाजिब दरों में की जा रही है। वस्त्र व्यापार के गहरे अनुभवी श्री महेन्द्र कुमार जैन द्वारा संचालित यह संस्थान मशहूर मेन्स वियर ब्राण्ड 'डोनियर' के अधिकृत होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में विख्यात है। संस्थान के कामकाज में अहम भूमिका निभा रहे श्री जैन के युवा सुपुत्र श्री हिमांशु जैन ने बताया कि मेन्स फैशन के लिए हमने अपने संस्थान पर पोपुलर ब्राण्ड्स के फैब्रिक्स की उपलब्धता सुनिश्चित कर रखी है। वहीं सम्पूर्ण राजस्थान में फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रहे हैं।

### नियो स्ट्रेच-4 वे लाइक्रा

'डोनियर' ग्रुप की ओर से पेश न्यू एज फैब्रिक्स Neo-Stretch फॉर वे लाइक्रा फैब्रिक्स है, जो आरामदायक होने के साथ-साथ फैशनेबल एवं स्टाइलिश भी है। बाजार में इसकी डिमाण्ड भी लगातार बढ़ रही है।

### बाली स्कीम को मिला सुपर रिस्पॉन्स

डोनियर ने इस साल व्यापारियों के लिए बाली स्कीम दी थी, जिसकी व्यापारियों ने खूब प्रशंसा की और जमकर बुकिंग करवाई। श्री हिमांशु जैन ने कहा कि व्यापारियों में अलग ही जोश देखने को मिला। नये-नये फैशन फैब्रिक्स इंट्रोड्यूस किए जाने से इस साल हमने डोनियर ब्राण्ड के सूटिंग-शर्टिंग एवं कॉटन फैब्रिक्स की अच्छी बिक्री की है।

### मेन्स वियर ब्राण्ड 'डोनियर' के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर

'अग्रवाल सिन्टेक्स' मशहूर मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड 'डोनियर' के अग्रणी होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर है। संस्थान द्वारा डोनियर ब्राण्ड के तहत बनने वाली समस्त फैब्रिक रेंज की सप्लाई की जा रही है। संस्थान पर फैंसी पीवी, टीआर, कॉटन, सूटिंग्स सहित शर्टिंग ब्रोंसन एवं बेलबोनी तथा लिनन में लीफेरो ब्राण्ड्स के फैब्रिक्स की भरपूर मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।


AGARWAL SYNTEX
AGARWAL ENTERPRISES
Authorised Wholesale Dealer
DONEAR® SUITINGS • SHIRTINGS • COTTONS
Mahendra Kumar Jain 94131-15142 | Himanshu Jain 93518-83115
Opp. Laxmi Sweets, Ajmer Road, Sodala, JAIPUR- 302 006



coming soon
RAJASTHAN READYMADE UNIFORM GARMENTS GUIDE
Contact for Entry & Advertisement
98282 49064
98299 65212


## मॉडर्न लाइफस्टाइल फैशन फैब्रिक्स निर्माता

# खन्दा क्लॉथ एजेंसीज

## फैंसी सूटिंग-शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक्स में लाजवाब कलेक्शन के लिए मशहूर



श्री राजेन्द्र प्रसाद



श्री सुमित खन्दा

जयपुर/ फैंसी सूटिंग-शर्टिंग के उत्पादन में अग्रणी कम्पनी 'खंदा क्लॉथ एजेंसीज' मेन्स फैशन बाजार में हटकर टेस्ट देने वाली कम्पनी के रूप में मशहूर है। अनुभवी वस्त्र व्यवसायी श्री राजेन्द्र प्रसाद खन्दा द्वारा स्थापित यह क म्पनी बाजार में मिल पैटर्न की क्वालिटी के लिए भी मशहूर है। श्री खन्दा ने मेन्स फैशन फैब्रिक्स कैटेगरी में सदैव क्वालिटी, व्यापक रेंज एवं प्रतिस्पर्धी दरों का पूरा ध्यान रखा है। व्यापार में श्री खन्दा के युवा सुपुत्र श्री सुमित खन्दा अपने पिताजी के पद चिन्हों पर चलते हुए बाजार में हरदम कुछ नया देने के संकल्प के साथ व्यवसायरत हैं।

### मेन्स फैशन के लिए बेस्ट चॉइस

अपनी सफल व्यावसायिक यात्रा के बारे में श्री खन्दा ने कहा कि वे हमेशा से क्वालिटी के पक्षधर रहे हैं। ट्रेडिंग के समय से लेकर कपड़ा उत्पादन करने तक हमने 'बेस्ट क्वालिटी इन रिजनेबल प्राइस' को प्रमुखता दी है। इसके अलावा अपने ग्राहकों की डिमाण्ड के अनुरूप उत्पाद सप्लाई अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनाया हुआ है। ये इसी का सुपरिणाम है कि 'खन्दा क्लॉथ एजेंसी' व्यापारियों का भरोसा जीतने में कामयाब रही है।




SINCE-1981
KHANDA CLOTH AGENCIES
Manufacturers & Distributors of Suitings - Shirtings
KH A KHANDA PRODUCT | ENGLISH COLLECTION™ INTERNATIONAL FABRICS
• Exclusive 100% Luxury Giza Cotton
• Linen, Cotton & TR Suitings
• Worsted Woolen Suitings
• Ethnics Fabrics
• Kurtas, Jawahar Jackets
• Gents Suits, Sherwanis
• Indo-Westerns
• Tuxedos, Jodhpuries
Shop No. 86, Ghee Walon Ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur - 302 003 (Raj.)
Phone: 0141-4910673, 98290-56473, 98292-65605, 90797-41250, 82097-22273


### फैंसी सूटिंग

खन्दा क्लॉथ एजेंसीज द्वारा फैंसी सूटिंग में विस्तृत रेंज उत्पादित की जा रही है। लेटेस्ट क्वालिटी एवं नियमित डिजाइन डवलपमेण्ट की बदौलत बाजार में इसके सूटिंग ब्राण्ड ENGLISH COLLECTION की डिमाण्ड बरकरार है। श्री खन्दा ने बताया कि ENGLISH COLLECTION ब्राण्ड के तहत पीवी, टीआर, पीसी, लिनन, कॉटन, एथनिक फैब्रिक्स, कुर्ता-पायजामा, यूनिफॉर्म फैब्रिक्स एवं वर्स्टेड सूटिंग का उत्पादन बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। सूटिंग उत्पादन में कम्पनी सीजनल नये-नये डवलपमेण्ट्स करती रहती है। हाल ही कम्पनी द्वारा आगामी समर सीजन के लिए नये कलेक्शन पेश किए हैं, जिनकी बेहतर डिमाण्ड है।

### फैंसी शर्टिंग

खन्दा क्लॉथ एजेंसीज फैंसी सूटिंग की भाँति शर्टिंग के उत्पादन में भी विस्तृत रेंज प्रदाता कम्पनी के रूप में मशहूर है। कम्पनी वाजिब दरों में बेहतरीन फैंसी शर्टिंग उपलब्ध करा रही है। श्री खंदा के सुपुत्र श्री सुमित खन्दा ने बताया कि शर्टिंग में कम्पनी कॉटन, लिनन एवं फैंसी शर्टिंग में सैंकड़ों वैरायटीज उत्पादित कर रही है। आगामी सीजन के लिए नये-नये कलर्स में आकर्षक व सोबर डिजाइंस में शर्टिंग का नया कलेक्शन तैयार किया है। प्लेन एवं प्रिंट डिजाइन में कम्पनी का कलेक्शन पहले ही धूम मचाये हुए हैं।

# रेडीमेड यूनिफॉर्म सप्लाई में अग्रणी पायदान पर शर्मा यूनिफॉर्म्स



श्री मनोज शर्मा

जयपुर/ ऑल टाइप यूनिफॉर्म स्पेशलिस्ट एवं मेन्स गारमेण्ट्स के उत्पादन में अग्रणी फर्म 'शर्मा यूनिफॉर्म्स' जयपुर मण्डी में अपनी उत्कृष्ट उत्पाद रेंज के लिए प्रसिद्ध है। वर्ष 1999 में अनुभवी वस्त्र व्यवसायी श्री मनोज शर्मा द्वारा स्थापित यह फर्म स्कूल यूनिफॉर्म सहित सभी प्रकार के यूनिफॉर्म उत्पादन में सिद्धहस्त हैं। 'शर्मा यूनिफॉर्म्स' का काम केवल यूनिफॉर्म उत्पादन तक ही सीमित नहीं है, यह मेन्स रेडीमेड गारमेण्ट उत्पादन में जाना माना नाम बन चुका है। श्री मनोज शर्मा की मेहनत एवं कुशल प्रबंधन के चलते 'शर्मा यूनिफॉर्म्स' आज विभिन्न रेडीमेड गारमेण्ट्स उत्पादन में निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है।

### ऑल टाइप रेडीमेड यूनिफॉर्म उत्पादन में सिद्धहस्त

'शर्मा यूनिफॉर्म्स' का मुख्य उत्पादन रेडीमेड यूनिफॉर्म है, जिसके तहत स्कूल, होटल, हॉस्पिटल, कॉर्पोरेट सभी सेक्टर्स के लिए बेहतरीन रेडीमेड यूनिफॉर्म्स का उत्पादन कर रहे हैं। श्री मनोज शर्मा ने कहा कि यूनिफॉर्म पहली नजर में हर स्कूल की पहचान होती है। इसलिए यूनिफॉर्म आरामदायक एवं स्टाइलिश होनी चाहिए। हम यूनिफॉर्म के लिए श्रेष्ठ क्वालिटी के फैब्रिक्स का इस्तेमाल करते हैं और यूनिफॉर्म क्षेत्र के लिए बेस्ट फैब्रिक बनाने वाले टॉप ब्राण्ड्स जैसे एस. कुमार्स, वालजी, मफतलाल, स्पर्श फैब आदि के कपड़े से यूनिफॉर्म्स बनाते हैं। विंटर स्पेशल यूनिफॉर्म हाई क्वालिटी वूलन फैब्रिक्स से बनाई जाती है तथा ट्विड ब्लेजर्स एवं स्वेटर्स का भी बड़े स्तर पर उत्पादन किया जा रहा है। बेहतरीन स्टिचिंग एवं एसेसरीज का उपयोग कर उम्दा एवं क्वालिटी रेडीमेड यूनिफॉर्म्स का उत्पादन कर रहे हैं। यूनिफॉर्म के साथ-साथ टाई-बेल्ट, मोजे आदि की सप्लाई की जा रही है। आज हम 200 से अधिक स्कूल्स एवं कॉलेजों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और धैर्य एवं परिश्रम से लगातार अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार कर रहे हैं।

### रेडीमेड गारमेण्ट्स

फर्म 'शर्मा यूनिफॉर्म्स' मेन्स वियर गारमेण्ट्स के उत्पादन में भी नित नए डवलपमेण्ट के लिए जाना जाता है। श्री मनोज शर्मा के अनुसार मेन्स वियर के लिए कोट-पेंट, ब्लेजर, शर्ट-पेंट, टी-शर्ट, जैकेट्स आदि रेडीमेड गारमेण्ट्स सहित ड्रेगनफ्लाई ब्राण्डनेम से डेनिम जींस का उत्पादन किया जा रहा हैं, जिनकी जयपुर सहित आसपास की मण्डियों में सप्लाई कर रहे हैं।


SHARMA UNIFORMS
Mfg. of : All Type Readymade Uniforms & Mens Wear Garments
• School Uniform • Blazers • T-Shirts
• Sweaters • Treak Suit • Shirts
• Socks • Tunics • Tie & Belts
• Suits • Pent • Jeans
10/17-C Mount Road, Madrasi Baba Ki Bageechi Ke Peeche, Kagdiwada
Brahmpuri, Jaipur, MANOJ SHARMA- 9468955123, 9782023771
Email: sharmauniforms12@gmail.com | Web.: www.jaipurschooluniforms.com

### गारमेण्ट सेक्टर के लिए ऑल टाइप फैब्रिक सॉल्यूशन

# समधानी फैब्रिक एजेंसी


श्री के. के. समधानी

जयपुर/ देश की तमाम कपड़ा मण्डियों के टॉप गारमेण्ट फैब्रिक निर्माताओं की प्रमुख मार्केटिंग फर्म 'समधानी फैब्रिक एजेंसी' जयपुर में ऑल टाइप फैब्रिक की उपलब्धता के लिए मशहूर है। रेडीमेड गारमेण्ट सेक्टर में अहम पहचान बना चुकी इस एजेंसी के अनुभवी संचालक श्री के. के. समधानी गारमेण्ट सेक्टर में एक जानी-मानी शख्सियत बन चुके हैं। आज इनके नेतृत्व में 'समधानी फैब्रिक एजेंसी' द्वारा अहमदाबाद, सूरत, मुम्बई, इचलकरंजी, लुधियाना, अमृतसर, इरोड़, भीलवाड़ा आदि मण्डियों के सप्लायर्स का कपड़ा जयपुर के बड़े गारमेण्ट ब्राण्ड्स को सप्लाई करवाया जा रहा है। श्री समधानी के साथ एजेंसी व्यवसाय में श्री नितिन समधानी एवं श्री मोहित अग्रवाल भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## गारमेण्ट फैब्रिक्स

श्री समधानी बतौर एजेंट अपने खरीददार व्यापारियों को फैशनेबल एवं ट्रेण्डी फैब्रिक वाजिब दरों में सप्लाई करवाने के ध्येय के साथ व्यवसायरत है। श्री समधानी फैब्रिक उत्पादक मण्डियों में सोर्सिंग के लिए सप्लायर्स के साथ लगातार टच में रहने के साथ-साथ गारमेण्ट मार्केट में प्रचलित ट्रेण्ड्स पर अपनी निगाह रखते हैं। साथ ही एजेंसी से जुड़े हर गारमेण्ट निर्माता को बेहतरीन कपड़ा समय पर उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ कार्यरत है। एजेंसी द्वारा मेन्स, वूमेन्स एवं किड्स वियर गारमेण्ट्स निर्माताओं को समस्त प्रकार का फैब्रिक एजेंसी द्वारा सप्लाई करवाया जा रहा है।

## रेडीमेड गारमेण्ट

श्री समधानी गारमेण्ट सेक्टर में फैब्रिक सप्लाई के साथ-साथ जयपुर में निर्मित रेडीमेड गारमेण्ट्स की सप्लाई पूरे देश में कर रहे हैं। जहाँ मेन्स गारमेण्ट्स सप्लाई का काम श्री नितिन समधानी देख रहे है, वहीं वूमेंस गारमेण्ट्स एवं कुर्तीज सप्लाई का काम श्री मोहित अग्रवाल ने सम्भाल रखा है।

DARSHAN Valji INDIA'S UNIFORM EXPERTS

## श्री के. के. समधानी वालजी यूनिफॉर्म के एजेंट नियुक्त

मशहूर यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्राण्ड 'वालजी यूनिफॉर्म' ने हाल ही श्री के. के. समधानी को जयपुर एवं आसपास के एरिये के लिए मार्केटिंग एजेंट नियुक्त किया है। रेडीमेड गारमेण्ट्स सेक्टर में अपने मधुर व्यवहार एवं कुशल मार्केटिंग स्ट्रेटेजी से अहम पहचान बना चुके श्री समधानी अपनी एजेंसी फर्म 'रेणुका एंटरप्राइजेज' के तहत 'वालजी यूनिफॉर्म' का काम करेंगे। इस संदर्भ में श्री समधानी ने कहा कि 'वालजी' यूनिफॉर्म सेक्टर में एक बेहतरीन ब्राण्ड है, जो ऑल टाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक स्पेशलिस्ट के रूप में विख्यात है। अब हमें अपने कार्यक्षेत्र में 'वालजी यूनिफॉर्म' का काम बढ़ाना है, जिसके लिए हमारी पूरी टीम सिद्धत के साथ कदम बढ़ा चुकी है।

SAMDHANI FABRIC AGENCY
Estd. 1991
Textile Representative
Dealing in:
Suitings
Shirtings
Ethnics
Uniforms
Kurtis
Hosiery
Readymade Garments
SPECIALIST IN GARMENT FABRICS
Krishna Kumar Samdhani 94140 75601
Mohit Agarwal 84014 58234 | Nitin Samdhani 99286 32988
Office: 3rd Floor, Kanota Market Haldiyon Ka Rasta, Johari Bazar, JAIPUR-02
Office: B-16, Kirti Nagar, Near Jain Mandir, Tonk Road, JAIPUR
Email: renukaenterprises007@gmail.com

# श्यामजी सिन्थेटिक्स



ऑल टाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की सप्लाई में अग्रणी

रेडीमेड यूनिफॉर्म उत्पादन में 'श्यामजी यूनिफॉर्म' ब्राण्डनेम से मशहूर

जयपुर/ सन् 1998 से यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में सक्रिय संस्थान 'श्यामजी सिन्थेटिक्स' की स्थापना यूनिफॉर्म सेक्टर के गहरे अनुभवी वस्त्र व्यवसायी श्री विमल सराफ ने की थी। इन्हीं के मजबूत इरादों एवं जुनून के चलते राजस्थान में यूनिफॉर्म कारोबार को नई दिशा मिली। विरासत में मिलें परम्परागत कपड़ा व्यवसाय से हटकर श्री सराफ ने यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए ब्राण्डेड यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की होलसेल सप्लाई का मार्ग चुना। श्री सराफ बताते है कि इन 3 दशकों में हमने यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के व्यवसाय में कई उतार-चढ़ाव देखे, परंतु हर मुश्किल का सामना करते हुए यूनिफॉर्म सेगमेंट में नित नए प्रयोग करते हुए व्यापार किया। जिसके परिणामस्वरूप आज 'श्यामजी सिंथेटिक्स' अब 'श्यामजी ग्रुप' बन चुका है, जिसके अंतर्गत श्यामजी सिंथेटिक्स, श्यामजी ट्रेडिंग कम्पनी एवं श्यामजी यूनिफॉर्म फर्म्स संचालित की जा रही है। श्री सराफ ने कहा कि उनके सुपुत्र श्री नवनीत सराफ एवं श्री गौरांग सराफ के व्यापार में आने के बाद से श्यामजी ग्रुप के व्यावसायिक नेटवर्क में लगातार विस्तार हो रहा है।

**ब्राण्डेड यूनिफॉर्म फैब्रिक्स सप्लाई...** होलसेल संस्थान श्यामजी सिंथेटिक्स द्वारा यूनिफॉर्म क्षेत्र के लगभग सभी टॉप फैब्रिक्स ब्राण्ड्स की ट्रेडिंग की जा रही है। श्री सराफ ने बताया कि प्रीमियम यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्राण्ड स्पर्श फैब, क्यूमैक्स, वाल्जी, सियाराम-यूनिकोड, मफतलाल, बीएसएल, संगम, मोडेला इत्यादि यूनिफॉर्म ब्राण्ड्स के फैब्रिक्स की आपूर्ति की जा रही है।


**UMSAR संगठन का नेतृत्व...** श्री सराफ व्यवसाय के साथ राजस्थान के यूनिफॉर्म उत्पादकों की एकजुटता को लेकर सजग रहे हैं। इन्होंने राजस्थान में यूनिफॉर्म गारमेण्ट उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूनिफॉर्म मैन्युफेक्चर एण्ड सप्लायर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (UMSAR) नामक संगठन बनाया हुआ है। इनके सार्थक प्रयासों की बदौलत राजस्थान में यूनिफॉर्म गारमेण्ट उत्पादन को बल मिला।


**रेडीमेड यूनिफॉर्म का उत्पादन...** श्यामजी ग्रुप द्वारा श्यामजी यूनिफॉर्म ब्राण्डनेम से रेडीमेड यूनिफॉर्म गारमेण्ट्स का उत्पादन किया जा रहा है। गारमेण्ट उत्पादन का काम देख रहे श्री गौरांग सराफ ने बताया कि 'श्यामजी यूनिफॉर्म' ब्राण्ड के तहत् स्कूल, होटल, हॉस्पिटल, सिक्योरिटी, कॉर्पोरेट इत्यादि सेक्टर के लिए रेडीमेड यूनिफॉर्म बनाये जा रहे हैं। गारमेण्ट उत्पादन के लिए स्टिचिंग प्लाण्ट स्थापित किया हुआ है, जिसमें सभी तरह के उच्च स्तरीय रेडीमेड यूनिफॉर्म गारमेण्ट्स निर्मित किये जा रहे हैं।

**ब्लेंकेट एवं बेडशीट सप्लाई...** श्री विमल सराफ यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की सप्लाई के साथ पिछले साल से ब्लेंकेट एवं बेडशीट की होलसेल बिक्री शुरू की, जिसमें श्यामजी सिन्थेटिक्स ने अच्छी बिक्री दर्ज की है। विगत दिनों राजस्थान में पहली बार होटल रेडीशन में ब्लेंकेट की सफल कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया।

### प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की प्रमुख मार्केटिंग एजेंसीज

# चन्द्रा एजेंसीज ◆ टेक्सटाइल एजेंसीज


श्री किशन ठारवानी


श्री परेश राजानी

जयपुर/ मेन्स फैशन क्षेत्र में पोपुलर प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की मार्केटिंग में सालों से मशहूर मार्केटिंग फर्म्स चन्द्रा एजेंसीज एवं टेक्सटाइल एजेंसीज विगत 3 दशकों से राज-स्थान के होलसेल एवं रिटेल कपड़ा व्यापारियों को मेन्स फैशन फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रही है। अनुभवी टेक्सटाइल एजेंट श्री किशन ठारवानी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में श्री परेश राजानी इन एजेंसी फर्म्स का काम बखूबी सम्भाल रहे हैं। श्री ठारवानी ने ईमानदारी एवं मेहनत से काम करते हुए कई मिलों के अधिकृत एजेंट के रूप में बिक्री के कीर्तिमान स्थापित किए है। ये जश फैशन के नाम से भी एजेंसी व्यवसाय कर रहे हैं। आज इनकी सभी एजेंसीज के तहत प्रसिद्ध मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड रीड एण्ड टेलर एवं मशहूर प्रीमियम शर्टिंग ब्राण्ड कैरोलॉन एवं मोंजा का काम बड़े स्तर पर किया जा रहा है।

## रीड एण्ड टेलर

युवा एजेंट श्री परेश राजानी ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध ब्राण्ड रीड एण्ड टेलर के बेहतरीन मेन्स फैशन फैब्रिक्स की सप्लाई राजस्थान के कपड़ा व्यापारी कर रहे हैं। पोलीवूल, टीआर, पीवी सूटिंग्स में रीड एण्ड टेलर का लाजवाब कलेक्शन युवाओं में काफी पोपुलर भी है। पीवी डब्ल्यू एवं पी डब्ल्यू रेंज में 100-130 काउण्ट्स का फाइन सूटिंग फैब्रिक्स में काफी आकर्षक रेंज रीड एण्ड टेलर की तरफ से आ रही है, जिसकी बाजार में अच्छी डिमाण्ड है। इस साल हमने रीड एण्ड टेलर की बिक्री में अच्छी ग्रोथ दर्ज की है।

## केरोलॉन एवं मोंजा

श्री किशन ठारवानी प्रसिद्ध प्रीमियम शर्टिंग ब्राण्ड केरोलॉन एवं मोंजा का काम सालों से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फैंसी शर्टिंग में कैरोलॉन ब्राण्ड सालों से हिट है, इसके नये-नये डिजाइंस एवं शेड्स को बाजार में हमेशा सराहना मिलती है। इसकी पोस्टर डिजाइन रेंज की बाजार में हमेशा डिमाण्ड रहती है। वहीं बड़े पन्ने की शर्टिंग में मोंजा ब्राण्ड डिजिटल प्रिंट एवं जैकॉर्ड डिजाइंस में आकर्षक कलेक्शन के लिए मशहूर है। उन्होंने कहा कि प्रीमियम कैटेगरी में मोंजा ब्राण्ड के गीजा कॉटन शर्टिंग की हमेशा बम्पर डिमाण्ड रहती है।

TEXTILE AGENCIES
Chandra Agencies
Authorised Agencies
Reid & Taylor BOND WITH THE BEST
Carolon FABRICS
MONZA STYLIZED COTTON
OFFICE:- C-331, Hans Marg, Malviya Nagar, Jaipur, Tel.- 0141-2577106
Mob.- 94144 59765, 96492 10112, Email: kishan_tharwani@rediffmail.com

because textiles are the pride of Ahmedabad
11th – 14th MAY, 2025
HELIPAD GROUND, GANDHINAGAR, GUJARAT
FABEXA® AHMEDABAD
FABRIC SOURCING EXPO
EDITION X
GIVE YOUR TEXTILE BUSINESS THE X FACTOR
PARTICIPATE
LEARN
NETWORK
TECHXTILE
INNOVATIVE . COLLABORATIVE . VERSATILE
ido-graph
SCAN TO REGISTER
fabexa.in | info@fabexa.in
FOR REGISTRATION
98250 50993
ORGANISED BY:
MASKATI CLOTH MARKET MAHAJAN,
NEW CLOTH MARKET, AHMEDABAD
Maskati Cloth Market Mahajan Ahmedabad
Since - 1906

# सक्षम नेतृत्व और सकारात्मक दृष्टिकोण से तय होती है प्रगति की दिशा -श्री रिजु झुनझुनवाला



आरएसडब्ल्यूएम के चेयरमैन श्री रिजु झुनझुनवाला, पूर्व जेएमडी श्री बी.एम. शर्मा एवं वर्तमान जेएमडी श्री राजीव गुप्ता।



**भीलवाड़ा/ ''नेतृत्व के दृष्टिकोण पर किसी भी कम्पनी की व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री बी.एम. शर्मा ने अपने सकारात्मक दृष्टिकोण से कम्पनी को नई दिशा प्रदान की। अपने चौदह वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने एक भी अवकाश नहीं लिया, यह उनकी कर्मशीलता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।'' ये भावनात्मक उद्गार व्यक्त कर रहे थे RSWM के सीएमडी श्री रिजु झुनझुनवाला। वे अपने समूह की फ्लैगशिप कम्पनी के खारीग्राम गुलाबपुरा के प्रांगण में कम्पनी के जेएमडी श्री बी.एम. शर्मा के सेवानिवृत्ति और सम्मान में आयोजित एक महनीय कार्यक्रम में आमंत्रित उद्योगपतियों, कम्पनी की विभिन्न यूनिट्स के उच्चाधिकारियों और मेहमानों को संबोधित कर रहे थे।**

घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उद्योग जगत में प्रतिष्ठित उद्योग समूह LNJ की अग्रणी एवं विख्यात फ्लैगशिप कम्पनी RSWM Ltd. यार्न से लेकर फैब्रिक उत्पादन क्षेत्र में विश्वविख्यात है। RSWM Ltd. बाजार में निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कम्पनी के संस्थापक श्री एल. एन. झुनझुनवाला के करकमलों द्वारा सिंचित यह महान विरासत वर्तमान में उनके युवा और कर्मठ पौत्र श्री रिजु झुनझुनवाला के सान्निध्य में नित नए आयाम स्थापित कर रही है। लगभग 6 दशक से संचालित इस कम्पनी की प्रगतिशील यात्रा में कम्पनी के उच्च अधिकारीगणों का मुख्य योगदान रहा है, जिन्होंने सदैव अपने कर्त्तव्यनिष्ठ भाव से कम्पनी की प्रगतिशील यात्रा में यथोचित श्रेष्ठ प्रतिभागिता का निर्वहन किया है।

इन्हीं आदर्शों के साथ हाल ही RSWM Ltd. कम्पनी के JMD श्री बी.एम. शर्मा के उत्कृष्ट कार्यकाल का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कम्पनी के वर्तमान JMD श्री राजीव गुप्ता सहित कम्पनी RSWM सिंथेटिक के यार्न बिजनेस हेड श्री एन.के. बहेड़िया, मीलान्ज यार्न बिजनेस प्रमुख श्री वाय.डी. तिवारी, डेनिम बिजनेस प्रमुख श्री आर.के. सिंह, निटिंग बिजनेस प्रमुख श्री अरविन्द मौर्या, कॉटन यार्न बिजनेस हेड श्री के.के. मित्तल, सस्टेनेबल फाइबर बिजनेस हेड श्री एम.के. योगी, कम्पनी के CFO श्री नितिन तुलियानी, कॉर्पोरेट अफेयर्स के प्रेसीडेंट श्री प्रकाश माहेश्वरी, कम्पनी के CHRO श्री मनोज कुमार शर्मा, कम्पनी के CTO श्री मनोज बंसल आदि उच्चाधिकारियों की उपस्थिति ने इस शाम में चार चाँद लगा दिए। सभी उच्चाधिकारियों ने मंच से श्री बी एम शर्मा के कार्यकौशल की प्रशंसा की। श्री वाई.डी. तिवारी ने संस्कृत के एक श्लोक के माध्यम से श्री शर्मा के अप्रतिम व्यक्तित्व को विलक्षण, बेजोड़ और प्रतिभाशाली बताया।



कार्यक्रम में उपस्थित भीलवाड़ा शहर के महनीय उद्योगपति



श्री शर्मा ने विगत कई वर्षों से सेवारत रहकर कम्पनी को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। श्री शर्मा द्वारा कम्पनी हित में किए गए अथक प्रयासों की सभी सहयोगियों एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने सराहना की। श्री शर्मा का सामाजिक एवं अन्य औद्योगिक संगठनों से भी जुड़ाव था। श्री शर्मा पूर्व में मेवाड़ चेंबर्स के चेयरमैन के रूप में भी अपनी सेवाएँ संस्था को देते रहे हैं। इस अवसर विशेष (विदाई समारोह) में कम्पनी के चेयरमैन रिजु बाबु की गरिमामयी उपस्थिति ने इस शाम को और भी खास बना दिया।

इस अवसर विशेष पर भीलवाड़ा औद्योगिक समूह की कई महान हस्तियां संगम इंडिया लिमिटेड के श्री एस.एन. मोदानी व श्री वी.के. सोडानी, सुदिवा स्पिनर्स के श्री जे.सी. लढ्ढा, लग्नम स्पिनर्स के श्री डी.पी. मंगल, रंजन इंडस्ट्रीज के श्री पी. एम. बेसवाल, मेवाड़ चेंबर भीलवाड़ा के श्री आर.के. जैन एवं श्री आर.सी. लोढ़ा, नपासर स्पिनर्स के श्री अभिषेक लखानी, बीएसएल लिमिटेड के श्री प्रवीण जैन एवं कई अन्य गणमान्य हस्तियों ने शिरकत कर श्री शर्मा का अभिनंदन किया।

इस अवसर विशेष पर टेक्सटाइल वर्ल्ड समाचार-पत्र के प्रधान संपादक एवं डायरेक्टर कवि योगेन्द्र शर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में श्री बी.एम. शर्मा के इस बेहतरीन कार्यकाल पर प्रकाश डाला।



## विलक्षण प्रज्ञ का स्वामी, नहीं छिपता हजारों में। तभी कोई बिरज मोहन, गिना जाता सितारों में।

मैंने सूरज की आँखों से शीतलता झरते देखी है।
निर्झर-सी स्निग्ध निगाहों में तर ममता झरते देखी है।
वीर-शहीदों के प्रति मैंने श्रद्धा उत्प्लावन देखा है।
पतझर के संघर्षों में भी खिलता-सा सावन देखा है।
मैं चाहूँ तो भी सागर को मुट्ठी में बाँध नहीं सकता।
किरदार बड़ा गंभीर-धीर शब्दों में साध नहीं सकता।
सौभाग्य यही मेरा समझो मैं आज यहाँ पर आया हूँ।
पूजनीय हल्दीघाटी की माटी भी सँग में लाया हूँ।
मैं श्रद्धा से इस माटी का माथे पर चंदन करता हूँ।
श्री बृजमोहन जी शर्मा का वंदन अभिनंदन करता हूँ।
है ईश्वर से कामना यही, यावज्जीवन सुख-शांति रहे।
हर समय स्वस्थ सानंद रहें, मुख पर आलोकित कांति रहे।
सेवा सत्कर्म सुभाषित हों, जीवन में नव उत्साह जगे।
प्रतिपल हो जाए नया-नया, जीवन भर ऐसी चाह जगे।
इस अवसर पर हम श्रद्धा से, भावों का चंदन करते हैं।
हम सदा आपके शुभचिंतक, शत-शत अभिनंदन करते हैं।
वात्सल्य छलकता रहे सदा, हमसे स्नेहिल व्यवहार करें।
हे कर्मयोग के महापुरुष! इन भावों को स्वीकार करें।

**सम्पादक- कवि योगेन्द्र शर्मा**

# अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने के साथ ही विश्व व्यापार युद्ध आरंभ

## चीन ने भी लगाया जवाबी टैरिफ

## भारतीय टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात भी होगा प्रभावित

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

ट्रम्प सरकार द्वारा लगभग सभी देशों से आयात किए जाने वाले सामान पर 10 प्रतिशत से लेकर चीन पर सबसे अधिक 54 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाए जाने के बाद विश्व में व्यापार युद्ध की शुरूआत हो गई है, क्योंकि जवाबी कार्रवाई करते हुए चीन ने अमेरिका से आयात होने वाले माल पर 34 प्रतिशत की दर से टेक्स लगा दिया है। जानकारों का कहना है कि कुछ अन्य देश भी अमेरिका से आयात किए जाने वाले माल पर शुल्क लगा दे, इससे विश्व बाजार में सभी देशों का कारोबार प्रभावित होगा और कुछ विशेषज्ञ आर्थिक मंदी तक की बात कर रहे हैं। अमेरिका ने भारत से आयात किए जाने वाले माल पर चीन, वियतनाम, थाइलैंड, कम्बोडिया, ताइवान, साउथ अफ्रीका की तुलना में कम दर से टेक्स लगाया है, लेकिन भारत से भी निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा। हालांकि, औद्योगिक सूत्रों द्वारा यह कहा जा रहा है कि भारत से टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात कम प्रभावित होगा, क्योंकि अन्य प्रतिस्पर्धक देशों की तुलना में अमेरिका ने भारत से शुल्क की दर कम रखी है। ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय सामानों के आयात पर 27 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाया है, जबकि हमारे प्रतिद्वंदी देशों-चीन पर 54 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत, कम्बोडिया पर 49 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और पाकिस्तान पर 30 प्रतिशत का टेक्स लगाया है। जानकारों के अनुसार इस समय भी अमेरिका विभिन्न देशों से टेक्सटाइल और गारमेण्ट के आधार पर 7 से 16.5 प्रतिशत तक टेक्स लगाता है। जानकारों का कहना है कि इससे भारत सहित सभी देशों के टेक्सटाइल और गारमेण्ट का आयात अमेरिका में ऊँचे भाव पर होगा और लागत अधिक आने से अमेरिका में इनके भाव बढ़ेंगे। इससे निश्चित रूप से अमेरिका में टेक्सटाइल और गारमेण्ट की मांग प्रभावित होगी और उठाव कम होने से वहाँ के आयातक कम मात्रा में इनका आयात करेंगे।

**दीर्घावधि-** बहरहाल, जानकारों का कहना है कि दीर्घावधि में भारतीय टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यातकों को अन्य देशों की तुलना में शुल्क कम होने का लाभ मिल सकता है, क्योंकि शुल्क के बावजूद भारतीय टेक्सटाइल व गारमेण्ट आयटम अन्य देशों की तुलना में सस्ते होंगे।

**मजबूरी** - अमेरिका में सस्ते भाव यानि रिटेलर्स व कम्पनियों के पास पुराने आयात का स्टॉक समाप्त हो जाने के बाद वहाँ के आयातकों को कारोबार करने के लिए आयात करना मजबूरी होगी।

**चीन से प्रमुख आयातक-** प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में अमेरिका ने 107.72 बिलियन डॉलर मूल्य के टेक्सटाइल आयटम आयात किए, इसमें से चीन की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत के साथ 36 बिलियन डॉलर रही, वहीं अमेरिका ने वियतनाम से 15.5 बिलियन (13 प्रतिशत) और भारत से 9.7 बिलियन (8 प्रतिशत) का आयात किया, जबकि राजनैतिक अस्थिरता से बांग्लादेश से आयात गिरकर 7.49 बिलियन डॉलर (6 प्रतिशत) रह गया। अमेरिका का गारमेण्ट आयात वर्ष 2024 में 79 बिलियन डॉलर रहा। उल्लेखनीय है कि भारत से टेक्सटाइल और गारमेण्ट के कुल निर्यात में से अधिकांश का निर्यात अमेरिका और यूरोपीय समुदाय को किया जाता है।

# ग्राहकी का इंतजार जारी

## मिलों द्वारा बुकिंग की तैयारी

# नए वित्त वर्ष में कारोबार अच्छा रहने की संभावना

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

दिल्ली कपड़ा बाजार में वित्त वर्ष का अंत होने और वैवाहिक मांग के अभाव में गत पखवाड़े के दौरान कारोबार कमजोर रहा, लेकिन नए वित्त वर्ष में अच्छा कामकाज निकलने का व्यापारियों को इंतजार है। जानकारों का कहना है कि लगभग पूरे मार्च में कपड़ा बाजार में कारोबार कमजोर रहा, क्योंकि जहाँ एक वित्त वर्ष का अंतिम महीना होने के कारण खाताबंदी का दबाव था, वहीं होली का त्योहार होने से भी मांग सीमित बनी रही। बाजार में धन की तंगी बनी हुई है तथा पैसे की वापसी लंबी खिंचती जा रही है। जानकारों के अनुसार अब जुलाई तक वैवाहिक सीजन को देखते हुए कारोबार में सुधार की काफी संभावना नजर आ रही है। हालांकि उपभोक्ताओं के बदलते रूझान के कारण सिंथेटिक सूटिंग में कारोबार कमजोर ही रहने का अनुमान है।

आलोच्य पखवाड़े के कारण सिंथेटिक सूटिंग-शर्टिंग में कारोबार कमजोर बना रहा, जबकि यूनिफॉर्म के लिए भीलवाड़ा सूटिंग की मांग रही। वैवाहिक साड़ियों, लहंगा-चुनरी, लेडिज सूट आदि में सीमित पूछ -परख रही और कॉटन आयटमों की अच्छी मांग बनी रही। लेडीज सूट में पूछ-परख बनी रही। व्यापारियों का कहना है कि सिंथेटिक सूटिंग में कारोबार कमजोर रहा और उसका एक कारण वैवाहिक सीजन के दौरान एथनिक परिधानों का चलन बढ़ना है। शादी-विवाह पर अब कुर्ता-पायजामा का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे ट्राउजर की मांग प्रभावित हुई है।

बहरहाल, सूटिंग में सीमित पूछ-परख बनी रहीं तथा कुछ मिलों और थोक व्यापारियों ने आगामी सीजन के लिए कॉन्फ्रेंस आदि की सूचना थोक व खुदरा व्यापारियों को देनी आरंभ कर दी है। थोक व्यापारी भी अपने स्तर पर बुकिंग की सूचना दे रहे हैं। रेमण्ड, सियाराम, ग्राडो, डोनियर, रीड एण्ड टेलर, दिग्जाम और अन्य मिलों के माल की सीमित आवक हो रही है। नए शिक्षा सत्र को देखते हुए भीलवाड़ा की सूटिंग में मांग बनी रही। कॉटन सूटिंग की मांग सीमित रही लेकिन समर सीजन के कारण आगामी दिनों में मांग आने की संभावना है। जानकारों का कहना है कि आगामी वैवाहिक सीजन को देखते हुए कॉम्बो पैक की मांग आगामी दिनों में जोर पकड़ सकती है। गत माह ईद होने से शर्टिंग में कारोबार साधारण रहा तथा समर सीजन को देखते हुए मांग में तेजी की संभावना है। व्यापारियों का कहना है कि सूटिंग की तुलना में शर्टिंग में कारोबार अच्छा बना हुआ है।

वैवाहिक साड़ियों में चुनिंदा खरीद निकली है। व्यापारियों का मानना है कि आगामी दिनों में मांग में सुधार होगा, लेकिन अब साड़ियों में कारोबार की वृद्धि दर कम होती जा रही है। उपभोक्ताओं का रूझान लेडीज सूटों की ओर बढ़ता जा रहा है। इसी प्रकार लहंगा, चुनरी की तुलना में लाइटवेट के फैंसी गाउन्स का कारोबार अधिक तेजी से बढ़ रहा है तथा महिलाओं का रूझान वेस्टर्न ड्रेस की ओर अधिक हो रहा है। सदाबहार हो गया है।

**कॉटन आयटम-** व्यापारियों का कहना है कि कॉटन आईटमों की मांग अच्छी बनी हुई है और आगामी समर सीजन को देखते हुए इनका उठाव अच्छा बना रहने का अनुमान है।

विगत दिनों मिलों ने अनेक कॉटन आयटमों के भाव में वृद्धि की थी। जानकारों के अनुसार पावरलूम निर्माता भी भाव वृद्धि के संकेत दे रहे हैं। कैम्ब्रिक, पोपलीन, लोन, ग्लेण्ड कॉटन की मांग बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि अनेक मिलों ने जनवरी-फरवरी में बुक किए आयटमों की डिलिवरी भी नहीं दी है। टू बाई टू रूबिया की मांग सीमित हो गई है।



# CMAI's 5th edition of FAB Show 2025 – India's largest Fabrics & Accessories Sourcing show from 21-23 April in Mumbai is expected to attract more than 12000 trade visitors





Mumbai/ The Clothing Manufacturers Association of India (CMAI) is gearing up to host the largest-ever much anticipated 5th edition of the Fabrics Accessories & Beyond Show 2025 (FAB Show 2025) – India's largest Fabrics & Accessories Sourcing Show from April 21 to 23, 2025, at the Bombay Exhibition Centre in Mumbai. This annual B2B event has rapidly evolved into a premier platform showcasing the entire supply chain to India's booming garment industry. Promising a grand display of the latest trends and innovations, this year's show will feature over 250 fabric suppliers, accessories manufacturers, machinery suppliers, washing units, real estate developers, and software developers who plan to showcase their products.

While the FAB Show remains pivotal for the garment manufacturing industry, it brings unparalleled opportunities for industry stakeholders to engage, network, and explore the latest innovations in the textile sector. The visitors profile includes Garment manufacturers, Exporters, Private Labels, Agents & Distributors, Retailers, Corporates, Wholesalers, E-Commerce, Traders & other Industry members. The upcoming edition is anticipated to attract around 12,000 trade visitors from 320+ cities across India which includes 2,000 platinum dealers apart from international buyers from like Bangladesh, US, Egypt, UAE, Kuwait, Bahrain, Russia, Ecuador, Portugal, Hong Kong, Rwanda, Kenya, Somalia, Sri Lanka and Nepal.

The presence of sourcing heads from renowned brands, retail majors, garment manufacturing and export clusters from Surat, Ahmedabad, Noida, Agra, Jaipur, Ludhiana, Indore, Kolkata, Bengaluru, Tiruppur, Solapur and other hubs is expected to further boost industry confidence thus reflecting the event's importance. Speaking about the upcoming show, Santosh Katariya, President, CMAI stated "Fab Show is an exceptional platform for the Garment industry to access the latest trends & innovation in Fabrics, Trimmings, Accessories, and a diverse range of services. Today, mastering the complexities of procurement is what keeps businesses competitive. The primary focus of the show is to help manufacturers find the best suppliers who offer competitive pricing, high-quality products and reliable delivery, leading to greater overall efficiency. By establishing strong sourcing relationships, we can achieve cost savings, improve pricing consistency which directly impacts operational success and financial performance".

In India's dynamic textile landscape, a transformation towards eco-conscious practices is underway. A series of Knowledge Sessions and an exclusive Pavilion featuring service providers showcasing their innovation, products & services is being planned with support from Centre for Environment Education (CEE) and Global Alliance for Textile Sustainability Council (GATS). This initiative will educate and raise awareness about Sustainability & Circularity which is a cornerstone of CMAI's holistic strategy to engage, educate, and inspire the garment industry. "FAB show has set a new benchmark for sourcing in the textile & apparel industry, reflecting our commitment to driving growth and sustainability" said Naveen Sainani, Chairman FAB Show, CMAI. He further asserted "Being a global textile hub, India remains one of the largest generators of textile waste, highlighting a key challenge in the fashion industry. Through such focused initiatives, we are committed to offer responsible product development solutions to the industry's Sustainability journey and contribute to a rapidly evolving market".

As leading industry clusters, an exclusive Surat Pavilion being organised by the Southern Gujarat Chamber of Commerce & Industry (SGCCI) will present over 50 leading fabric suppliers for the fifth consecutive year. Likewise, this year, leading manufacturers based out of Ichalkaranji, the 'Manchester of Maharashtra' are being introduced by Ichalkaranji Shuttleless Fabrics Manufacturers Association (ISFMA).

To giver further boost to the show, Chhattisgarh has joined as Partner State to present its immense potential and a thriving industrial textile policy foster a thriving ecosystem for textile and garment manufacturing. This partnership paves the way for enhanced industry opportunities, bolster the Make in India initiative and position the state as a key hub for Indian textile & garment sector.

**About CMAI-**vThe Clothing Manufacturers Association of India (CMAI) is the most representative association of the Indian apparel industry having over 5,000 members and serving more than 35,000 Retailers. Its Membership consists of Manufacturers, Exporters, Brands, and ancillary industry. CMAI advocates regarding policies and also guides and encourages its members on ESG related matters and initiatives. In 2019, CMAI launched the SU.RE initiative to encourage members to embrace sustainability.

Established sixty years ago, CMAI has contributed immensely towards development of the industry. In 1978, CMAI had led the creation of the Apparel Export Promotion Council (AEPC). CMAI is also authorised by the Government of India to issue Certificate of Origin (Non-Preferential) to Exporters. CMAI is the only Indian Association that represents the entire Indian Apparel Industry & Trade on prestigious international forums such as International Apparel Federation (IAF) headquartered in Netherlands.





